रोहतक

सोमवार, 26 मई 2025

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 115

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम**
अधि. 38.3
न्यून. 18.0

# हरिभूमि


हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




05 श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स में बने उपविजेता






## आईपीएल में आज



पंजाब किंग्स
V/S
मुंबई इंडियंस
-: समय :-
7.30 PM
-: स्थान :-
जयपुर

## खबर संक्षेप

### हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे के कपाट खुले

**गोपेश्वर।** उत्तराखंड के चमोली जिले में उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में प्रसिद्ध सिख तीर्थस्थल श्री हेमकुंड साहिब के कपाट रविवार को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। सुबह पंच प्यारों के आगमन के बाद विधि विधान और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ गुरु अरदास, शबद कीर्तन एंव गुरुवाणी के बीच गुरुद्वारे के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। भाषा

### अमृतसर में अकाली दल के पार्षद की हत्या

**अमृतसर।** शिरोमणि अकाली दल के एक पार्षद की छेहरटा इलाके में कुछ हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। हरजिंदर सिंह जंडियाला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर दो के पार्षद थे। एडीसीपी हरपाल सिंह रंधावा ने कहा कि 3 से 4 व्यक्तियों ने बाइक पर सवार पार्षद को रोकने की कोशिश की और फिर उन पर तीन. चार गोलियां चलाईं। पुलिस ने बताया कि सिंह को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

### लालू ने किया तेजप्रताप को राजद से निष्कासित



**पटना।** राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को 'गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार' के कारण छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया और उनके साथ सभी पारिवारिक संबंध भी तोड़ दिए। प्रसाद ने दोपहर में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह घोषणा की। तेजप्रताप ने घोषणा की थी कि वह एक युवती के साथ '12 साल से रिश्ते में हैं।' भाषा

## अंदर के पन्नों पर


- सरकारी अस्पताल में तीन माह में खरीदें उपकरण पेज-3
- जातिगत जनगणना विभाजनकारी नहीं पेज-7
- ऑपरेशन सिंदूर बदलते भारत की तस्वीर पेज-7


*नीति आयोग के सीईओ ने शासी परिषद की 10वीं बैठक में दी जानकारी*


# जापान को पछाड़ भारत बना चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था इस समय वैश्विक और आर्थिक माहौल देश के अनुकूल

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने रविवार को कहा कि भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। सुब्रह्मण्यम ने नीति आयोग शासी परिषद की 10वीं बैठक के बाद कहा कि कुल मिलाकर वैश्विक और आर्थिक माहौल भारत के अनुकूल है। उन्होंने कहा, 'मैं जब बोल रहा हूं, तब हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। आज हम 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के आंकड़ों का हवाला देते हुए सुब्रह्मण्यम ने कहा कि आज भारत की अर्थव्यवस्था जापान से बड़ा है। उन्होंने कहा, 'केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी ही भारत से बड़े हैं और अगर हम अपनी योजना और सोच पर कायम रहते हैं, तो ढाई-तीन साल यानी 2028 तक जर्मनी को पीछे छोड़कर हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे।' भारत 2024 तक दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था।

**सुब्रह्मण्यम बोले, आज हम 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था**

## 2028 तक जर्मनी को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचेंगे



| देश | जीडीपी |
|---|---|
| अमेरिका | 30.51 |
| चीन | 19.23 |
| जर्मनी | 4.74 |
| भारत | 4.187 |
| जापान | 4.186 |

जीडीपी ट्रिलियन डॉलर में

### अब आगे क्या

आईएमएफ और अन्य वैश्विक संस्थानों के अनुमानों के अनुसार, यदि भारत की वर्तमान वृद्धि दर बनी रहती है, तो 2028 तक भारत जर्मनी (4.9 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी) को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। भारत की जीडीपी 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2028 तक 5.58 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इसके बाद केवल अमेरिका (30.57 ट्रिलियन डॉलर) और चीन (19.231 ट्रिलियन डॉलर) ही भारत से आगे रहेंगे।

### भारत को यह फायदा

- **वैश्विक प्रभाव :** अंतरराष्ट्रीय मंचों जैसे जी20 और आईएमएफ में भारत को प्रभाव बढ़ेगा।
- **इन्वेस्टमेंट :** एफडीआई बढ़ेगी। ग्लोबल कंपनियां भारत को आकर्षक बाजार के रूप में देख रही।
- **क्षेत्रीय स्थिरता :** भारत और जापान के बीच मजबूत साझेदारी, जैसे चंद्रयान-5 व सैन्य सहयोग, भारत-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता बढ़ाएगा।
- **इकोनॉमिक लीडरशिप:** ग्लोबल इकोनॉमिक लीडरशिप की दिशा में और करीब आ गया। भारत अगर 2028 तक जर्मनी को पीछे छोड़ देता है लीडरशिप मजबूत होगी।
- प्रति व्यक्ति आय 2013-14 में 1,438 अमेरिकी डॉलर से दोगुनी होकर 2025 में 2,880 अमेरिकी डॉलर हुई।

## प्रदेश के कई जिलों में पेड़ और पोल गिरने से ब्लैकआउट रहा

*गुरुग्राम, जींद समेत कई जगह जलभराव से परेशानी*

# आंधी, तूफान और बरसात से भारी तबाही, नूंह में 2 की मौत

**दुकानों के साइन बोर्ड, होर्डिंग गिरे व मकानों की दिवारें गिरीं**

**गुरुग्राम में सड़कें लबालब होने से लोग परेशान, लापरवाही पर जेई सस्पेंड**

**करनाल में जर्जर इमारत का छज्जा टूटने से कार क्षतिग्रस्त, कई जिलों में सड़कें रही जाम**

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** प्रदेश में शनिवार को देर रात आए भीषण तूफान और बारिश ने भारी तबाही मचाई है।सभी 22 जिलों में बारिश हुई। इनमें से 7 जिलों में आए तूफान ने भारी नुकसान हुआ है। नूंह में दो लोगों की मौत हो गई। फरीदाबाद में छत गिरने से एक परिवार के 5 लोग दब गए, तो करनाल में जर्जर इमारत का छज्जा टूटने से कार क्षतिग्रस्त हो गई। सिरसा, रेवाड़ी और फतेहाबाद में सैकड़ों बिजली के पोल और ट्रांसफॉर्मर टूट गए, जिससे कई इलाकों में बिजली गुल रही। पानीपत और गुरुग्राम में जलभराव से सड़कों पर जाम लग गया, वहीं, हिसार और कैथल में पेड़ गिरने से यातायात ठप हो गया। उधर, गुरुग्राम में जलभराव के कारण कमिश्नर प्रदीप दहिया ने रविवार को नगर निगम के जेई रविंद्र कुमार को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। उनपर लापरवाही का आरोप लगाया गया है। वहीं, मौसम विभाग ने रविवार को भी 6 जिलों में बारिश होने का अनुमान जताया था। तेज आंधी के साथ आई बरसात ने बिजली व्यवस्था को घंटों तक चौपट कर दिया। प्रदेश में 5000 से अधिक पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए। कई बिजली ट्रांसफार्मर भी डैमेज हो गई। निगम कर्मियों ने रात को ही बिजली व्यवस्था पटरी पर लाने के प्रयास शुरू कर दिए। कई जिलों में बरसात के बाद जलभराव की स्थिति बन गई। गांवों में तूफानी बारिश के कारण ब्लैकआउट की स्थिति बन गई।

### कहां कितना नुकसान : हिसार में बालसमंद ब्रांच टूटी





**कैथल :** आंधी और तेज बारिश के कारण रातभर बिजली गुल रही। सीवन में सब्जियों व खरबूजे की फसल को नुकसान हुआ है। अब तक चार बार आई आंधी में 1500 अधिक बिजली के खंभे और करीब 1000 पेड़ गिर चुके हैं। शनिवार रात आई बारिश में भी 350 बिजली के खंभे, 70 ट्रांसफार्मर व 200 पेड़ गिरे है। चीका, कैथल व सीवन, चीका, पूंडरी और राजौंद क्षेत्र में वृक्ष व बिजली के खंभे गिरने के कारण जाम की स्थिति बनी रही।

**महेंद्रगढ़ :** बिजली पोल टूटने के बाद क्षेत्र में कई घंटों तक बिजली सप्लाई प्रभावित रहीं। रेलवे स्टेशन पर बिजली की लाइन से पेड़ गिरने से 7 ट्रेन रद्द रहीं।

**गोहाना :** 100 खंभे और तीन ट्रांसफार्मर गिरे। भारी नुकसान हो गया, क्षेत्र में 150 से अधिक पेड़ भी टूट गए। शहर के कुछ हिस्सों में 7 घंटे और कुछ गांवों में लगभग 10 घंटे तक बिजली बाधित रही। एग्रीकल्चर फीडरों की लाइनों पर अधिक नुकसान हुआ।

**हिसार :** आंधी-तूफान के कारण पेड़ गिरने से बालसमंद ब्रांच टूट गई, जिससे सैंकड़ों एकड़ में पानी भर गया। कई जगह बिजली के खंभे और पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

**सफीदों :** सफीदों उपमंडल के गांव खरकगागर में तेज तूफान से सैंकड़ों तोते मर गए और काफी बुरी तरह से घायल हो गए। जींद में भी पेड़ और पोल गिरने से भारी नुकसान हुआ है।

**जींद :** जुलाना में आंधी तूफान से सैंकड़ों पेड़ टूट गए, जिससे क्षेत्र की कई सड़के बाधित हो गई और बिजली के 225 पोल टूट गए। जिससे बिजली बाधित रही। लोगों को भारी परेशानी हुई।

**बहादुरगढ़ :** बारिश और तेज आंधी ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त रहा। कई जगह छप्पर और होर्डिंग उड़ गए। कई इलाकों में खंभे गिरने से विद्युतआपूर्ति भी रातभर ठप रही। कई जगहों पर पेड़ उखड़ कर सड़क पर गिर जाने के कारण घंटों अवागमन बाधित रहा।

**यमुनानगर :** कई स्थानों पर सड़कों पर पेड़ गिर गए। ग्रामीण इलाकों में बिजली बाधित हो गई। बारिश होने से नीचले इलाकों में पानी भरने से लोग परेशान हो गए। शिमला मिर्च व टमाटर की फसल को नुकसान पहुंचा है।

**भिवानी :** आंधी तूफान से जनजीवन प्रभावित हो गया। पोल टूटने व ट्रांसफार्मर जमीन पर गिरने से बिजली की सप्लाई की आपूर्ति पूरी तरह से ठप्प हो गई। करीब 12 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ही बिजली की सप्लाई चालू हो पाई। पानी की सप्लाई चालू होने के बाद पीने के पानी की सप्लाई घरों तक पहुंची। सड़कों पर टूटे पेड़ों ने वाहनों के कदम रोके।

**झज्जर :** तेज आंधी और झमाझम बरसात के कारण छह पॉवर हाऊस चार घंटे तक बंद रहे, 50 से अधिक बिजली के खंभे और दो सौ से अधिक पेड़ गिर गए। करीब 120 गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित रही, वहीं सड़कों पर पेड़ गिरने के कारण कई मार्गों पर जाम की स्थिति भी बनी रही।



*राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक में बोले मोदी*

# जातिगत जनगणना पीछे छूटे लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिए अहम कदम : पीएम

**हरियाणा के सीएम सैनी ने जातिगत गणना पर प्रस्ताव पेश किया** | **ऑपरेशन सिंदूर और जातिगत जनगणना पर बैठक में प्रस्ताव पास** | **पीएम मोदी 3.0 सरकार का एक साल पूरा, कई मुद्दों पर मंथन**

**नई दिल्ली (भाषा)।** पीएम नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि जातिगत जनगणना उनकी सरकार के उस मॉडल की दिशा में एक कदम है जो हाशिये पर पड़े और हर क्षेत्र में पीछे रह गए लोगों को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए है। राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता देश की आत्मनिर्भरता की दिशा में हासिल की गई उपलब्धियों की पुष्टि भी है। उन्होंने स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी की सटीकता को भी रेखांकित किया। बैठक के बाद भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बताया कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) जाति की राजनीति में विश्वास नहीं करता, लेकिन जातिगत जनगणना से विकास के विभिन्न क्षेत्रों में पीछे छूट गए लोगों को मदद मिलेगी। राजग के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की रविवार को हुई बैठक में सशस्त्र बलों की वीरता और मोदी के साहसिक नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया।

**बैठक में 19 राज्यों के सीएम और 18 उपमुख्यमंत्री शामिल हुए**

**मोदी बोले, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता देश की आत्मनिर्भरता**

### मोदी ने हमेशा सशस्त्र बलों का समर्थन किया

प्रस्ताव राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पेश किया और शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इसका समर्थन किया। प्रस्ताव में कहा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारतीयों का आत्मविश्वास बढ़ाया है। इसमें कहा गया कि पीएम मोदी ने हमेशा सशस्त्र बलों का समर्थन किया है और ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों को करारा जवाब दिया है।

### सुशासन के मुद्दों पर चर्चा

पीएम मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह के अलावा राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी एक दिवसीय बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में करीब 19 मुख्यमंत्री और इतने ही उपमुख्यमंत्री मौजूद रहे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जातिगत गणना पर प्रस्ताव पेश किया। बैठक के दौरान मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ और सुशासन के मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इस सम्मेलन में विचार-विमर्श का एक महत्वपूर्ण हिस्सा विभिन्न राज्यों की राजग सरकारों द्वारा अपनाए गए सर्वोत्तम तरीकों पर केंद्रित था।

# केरल में लाइबेरियाई जहाज डूबा, नेवी व कोस्टगार्ड ने सभी 24 क्रू मेंबर्स को बचाया

**कोच्चि (भाषा)।** खतरनाक सामग्री से भरे 13 कंटेनर समेत कुल 640 कंटेनर लेकर जा रहा लाइबेरियाई मालवाहक जहाज पलटने के बाद रविवार सुबह केरल तट के पास समुद्र में डूब गया, जिससे बड़े पैमाने पर तेल रिसाव हुआ है। एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। केरल सरकार ने पूरे राज्य में अलर्ट जारी कर दिया है और मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। तटरक्षक बल तेल रिसाव को रोकने के लिए काम कर रहा है। नौसेना के जहाज ने तीन और चालक दल के सदस्यों को बचाए जाने के साथ ही सभी 24 सदस्यों को बचा लिया गया है। तटरक्षक बल ने कहा कि 25 मई 2025 की सुबह जहाज 'एमएससी ईएलएसए 3' तेजी से झुकने लगा और आखिरकार पलटने के बाद डूब गया।

**बड़े पैमाने पर तेल रिसाव को लेकर राज्यव्यापी अलर्ट जारी**



### 84.44 मीट्रिक टन डीजल था

प्रदूषण रोकने से जुड़े कार्य का समन्वय कर रहे भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने कहा कि जहाज के टैंकों में 84.44 मीट्रिक टन डीजल और 367.1 मीट्रिक टन 'फर्नेस ऑयल' था, इसके अलावा कंटेनर में कैल्शियम कार्बाइड जैसे खतरनाक पदार्थ हैं। कैल्शियम कार्बाइड एक ऐसा रसायन है जो समुद्री जल के साथ प्रतिक्रिया करके अत्यधिक ज्वलनशील एसिटिलीन गैस उत्सर्जित करता है।

*पंजाब समेत 4 राज्यों में उपचुनाव*

# पांच सीटों के लिए 19 जून को वोटिंग, 23 को नतीजे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने 4 राज्यों की 5 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव का ऐलान कर दिया है। मतदान की तारीख 19 जून है। नतीजे 23 जून को आएंगे। निर्वाचन आयोग ने गुजरात, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल के 5 विधानसभा क्षेत्रों के लिए उपचुनाव की तिथि घोषित कर दी है। जिन सीटों पर चुनाव होने हैं, उनमेंकादी और विसावदर शामिल हैं। केरल की नीलांबुर, पंजाब की लुधियाना और कालीगंज हैं।

### नामांकन की आखिरी तारीख 2 जून

चुनाव आयोग के अनुसार जिन सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उनके लिए अधिसूचना कल यानी 26 मई को जारी की जाएगी। नामांकन की आखिरी तारीख 2 जून है। नामांकन की जांच 3 जून को की जाएगी। उम्मीदवारों के पास अपने नाम वापस लेने मौका 5 जून तक मिलेगा। इन सीटों पर सभी चुनावी प्रक्रिया 25 जून से पहले पूरी की जानी हैं।

**आह्वान** अमेरिका में बोले कांग्रेस सांसद थरूर, आतंक से किसी का भला नहीं होगा

*न्यूयॉर्क में 9/11 स्मारक पर हमलों में मारे गए लोगों को किया नमन*

# आतंकवाद साझा समस्या, हम सभी को मिलकर इसका मुकाबला करना चाहिए

**न्यूयॉर्क (भाषा)।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में भारतीय सांसदों के एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने न्यूयॉर्क में 9/11 स्मारक जाकर आतंकवादी हमलों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी, उनके प्रति एकजुटता व्यक्त की और इस बात पर जोर दिया कि दुनिया को आतंकवाद की 'साझा समस्या' के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होना होगा। यह स्मारक नौ सितंबर 2001 में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों की याद में बनाया है। थरूर ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल एकजुटता दर्शाने के लिए 9/11 स्मारक पहुंचा और यह 'हमारे लिए बहुत ही मार्मिक क्षण' था। उन्होंने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य एक बहुत मजबूत संदेश देना भी था कि 'हमारे अपने देश में एक और आतंकवादी हमले के बाद हम यहां एक ऐसे शहर में हैं जो उस क्रूर आतंकी हमले के निशान अब भी झेल रहा है।'



### यह एक वैश्विक समस्या

थरूर ने कहा कि अमेरिका की तुलना में भारत को 'बहुत अधिक संख्या में आतंकवादी हमलों का सामना करना पड़ा है।' उन्होंने शनिवार को कहा, 'हम यह याद दिलाने के लिए यहां आए हैं कि यह एक साझा समस्या है। हम पीड़ितों के साथ एकजुटता की भावना दर्शाने के लिए भी यहां हैं। इन पीड़ितों में भारतीय भी शामिल थे। शनिवार दोपहर न्यूयॉर्क पहुंचा प्रतिनिधिमंडल 'लोअर मैनहट्टन' में 'नेशनल सितंबर 11 मेमोरियल एंड म्यूजियम' गया और उसने 'मेमोरियल पूल' पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थरूर

थरूर के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की सांसद शांभवी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरफराज अहमद, तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के जी एम हरीश बालयोगी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शशांक मणि त्रिपाठी, भुवनेश्वर कलिता एवं तेजस्वी सूर्या, शिवसेना के मिलिंद देवरा और पूर्व राजनयिक तरनजीत संधू शामिल हैं।

# GALGOTIAS UNIVERSITY STUDENTS OUTPERFORM GLOBALLY

## 10 students won Apple's WWDC 25 Swift Student Challenge on a Worldwide Platform



Abu Shahma Ansari | Aditya Rai | Arnav Chauhan | Avineet Singh Juneja | Harshit Gupta | Kavyansh Pratap Singh | Mayank Verma | Praveen Shrivastav | Raj Pratap Singh | Nalinish Ranjan

## AMONGST THE WORLDS BEST

## TOP RANKED IN QS ASIA & THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025

**G-SCALE**
GALGOTIAS STUDENT CENTERED ACTIVE LEARNING ECOSYSTEM
• Critical Thinking • Collaboration • Engagement • Experiential Learning

IN CONSULTANCY COLLABORATION WITH
InsPIRE at NANYANG TECHNOLOGICAL UNIVERSITY SINGAPORE

**AN HONOUR BEYOND WORDS.
A LEGACY BEYOND BOUNDARIES.**


We will continue to carry forward the vision of our Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi Ji of making India a Vishvaguru & Viksit Bharat and the dream of our Dynamic Leader, Hon'ble Chief Minister of UP, Shri Yogi Aditya Nath Ji of making the State of Uttar Pradesh a truly Global Knowledge Superpower.



Her Excellency Smt. Anandiben Patel, Hon'ble Governor Of Uttar Pradesh felicitating Dr Dhruv Galgotia, CEO, Galgotias University for the University's exceptional performance in the QS Asia-World University Rankings 2025.

## ALWAYS LEADING BY EXAMPLE

Transforming Galgotias University as one of the leading **"Industry Integrated Learning Campuses"** in India; supported by multiple centers of excellence including




**iOS Development Centre** Powered by Apple and Infosys

**The Edge That Sets Us Apart**

Amongst **#98** in India (Management Category)
**#50** in India (Pharmacy Category)
By NIRF Ranking 2024 — NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK — शिक्षा मंत्रालय Ministry of Education Government of India

**TOP 3** in India for filing MAXIMUM PATENTS

NAAC A+ Accreditation in First Cycle
Ranked Platinum+ Band: Institution of Prominence OBE Rankings 2024
NBA Accredited for Computer Science Engineering, Mechanical Engineering, Electronics & Communications Engineering, B.Pharm and MBA
School of Business AACSB Business Education Alliance Member

**5th Ranked** Amongst the Top Private Universities by Times B School Survey 2025

**Apply Today for Career Focussed 2025-26 UG/PG/DIPLOMA/Ph.D. Programmes**

Engineering | Computer Applications | Biosciences & Technology | Clinical Healthcare | Forensic Science | Design | Education | Nursing | Liberal Education
Media and Communications Studies | Law | Agriculture | Basic Sciences | Finance & Commerce | Pharmacy | Allied & Health Sciences | Business | Aviation
Logistics & Supply Chain Management | Hospitality & Tourism | Polytechnic | Vocational Education




Launched India's 1st and Finest
**AI led Active Learning Campus**
@ Galgotias University

GALGOTIAS UNIVERSITY

GALGOTIAS INCUBATION CENTRE
FOR RESEARCH INNOVATION STARTUP AND ENTREPRENEURS
Government of UP Recognized Incubator

- Launchpad for 100+ Promising Startups
- Several of our Startups are already generating revenue in crores of rupees.
- Over 30 Industry Partnerships & 80+ Mentors empowering startups with invaluable resources and expertise

For the complete list of programmes offered and to apply online visit
www.galgotiasuniversity.edu.in
9810162221 / 9582847072
9717300418 / 0120-4370000

#GetYourSelfPlaced

अस्पतालों में मरीजों को सुविधाएं देने के लिए सरकार ने उठाया कदम

# सरकारी अस्पतालों में तीन महीने के अंदर खरीदें उपकरण, कमी है तो प्राइवेट लैब से समझौता करें

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश में सरकारी अस्पतालों में किसी भी तरह के उपकरणों की कमी नहीं रहने दी जाएगी। आने वाले समय में जहां भी सरकारी अस्पतालों में उपकरणों की कमी है, उनको 90 दिनों में पूरा किया जाएगा। पहले पीपीपी मोड पर होगा, हर जिले में कोई एजेंसी हायर कर सिटी स्कैन, एमआरआई व अन्य उपकरणों की कमी को दूर किया जाएगा। इसके अलावा अल्ट्रा साउंड, एक्सरे अन्य तरह की खरीद होगी। अगर तीन माह के अंदर नहीं हुई, तो सभी सीएमओ को साफ कर दिया गया है कि उसके बाद एचएमसीएल का प्रोसेस जारी रहेगा। अगर व्यवस्था नहीं हुई, तो हर जिले में दो चार निजी लैब संचालकों से समझौता कर लिया जाएगा। वे सरकारी अस्पताल की पर्ची पर रेफर होकर आने वाले मरीजों को उचित दाम पर उपचार देंगे। इसमें बीपीएल की श्रेणी और अन्य श्रेणी के लिए जो पहले से नियम फिक्स हैं, उन पर पीपीपी मोड पर काम होगा। इसके अलावा कुछ निजी अस्पताल संचालकों द्वारा पीएम जन आरोग्य योजना में कोई भी खेल और फर्जीवाड़ा किया, तो खैर नहीं है। इस पर सूबे की नायब सैनी सरकार सख्ती से निपटने के मूड में है ताकि पात्र लोगों को लाभ मिले व इसके नाम पर गोलमाल करने वालों पर शिकंजा कसा जाए। हाल ही में आधा दर्जन इस तरह के अस्पताल संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए भारी भरकम जुर्माना और इन्हें प्रदेश सरकार की सूची (इंपैनल्ड) सूची से बाहर कर दिया गया है।

### योजना में फर्जीवाड़े पर पैनल से बाहर होगा अस्पताल



सरकार ने आयुष्मान और पीएम जन आरोग्य अन्य स्कीमों के नियमों में भी सख्ती दिखाई है। इन योजनाओं में पहले तो इंपैनल्ड होने की कठोर शर्तें हैं। इसके बाद में कुछ भी हेराफेरी और फर्जीवाड़ा पाया गया, तो तुरंत ही इस तरह के निजी अस्पताल संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। हाल ही में आधा दर्जन अस्पतालों पर गाज गिरी है, जिन पर जुर्माना भी हुआ है। बड़ी संख्या में नोटिस भी भेजकर जवाब मांगे गए हैं। जन आरोग्य योजना में गड़बड़ी पर अस्पतालों पर 63 लाख से ज्यादा का जुरमाना भी इन पर लगा है। पहले इन्हें भेजे जाते हैं, कारण बताओ नोटिस। इस तरह से प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) और अन्य गरीबों के लिए योजनाओं में खेल करने वाले निजी अस्पतालों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई होगी। इतना ही नहीं गोलमाल और कागजी इलाज के नाम पर बिल बनाने वालों के विरुद्ध आपराधिक मामले भी चलाए जाने की सिफारिश की जा चुकी है।

### पात्रों को लाभ हो



प्रदेश की सेहत मंत्री आरती राव का कहना है कि प्रदेश और केंद्र सरकार की योजनाओं में वास्तविक व पात्र व्यक्ति को फायदा मिलना चाहिए। इस काम में सभी का सहयोग जरूरी है, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही और फर्जीवाड़ा करने वालों के विरुद्ध हमारी सरकार ने सख्त से सख्त एक्शन लेने का फैसला लिया है।

रामबिलास शर्मा का बयान

## परशुराम ने 21 बार पूरी धरती से आतंकवाद समाप्त किया



**भिवानी।** भाजपा के पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा ने रविवार को भिवानी में कहा कि भगवान परशुराम ने 21 बार पूरी धरती से आतंकवाद समाप्त किया था। फरसा उनका हथियार था, उसे कई लोग परमाणु बम कहते थे। ये फरसा अरुणाचल प्रदेश में है, जहां पर ब्रह्मपुत्र नदी का उद्गम स्थान है। हालांकि, भगवत पुराण (स्कंध 9, अध्याय 15-16) के मुताबिक राजा सहस्त्रार्जुन और उसके बेटों ने परशुराम के पिता की हत्या कर दी थी। इससे गुस्सा होकर परशुराम ने सभी बुरे राजाओं को मारने की कसम खाई। इसलिए कहा जाता है कि परशुराम ने 21 बार क्षत्रियों का संहार कर दिया। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के पहलगाम हमले पर दिए गए विवादित बयान पर रामबिलास शर्मा ने कहा कि जांगड़ा ने ये बयान किसी और लहजे में दिया होगा। मैं उनके बयान से इत्तेफाक नहीं रखता।

# पीएम ने जातिगत जनगणना का निर्णय लेकर दूरदर्शी नेतृत्व का परिचय दिया: नायब सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रव्यापी जातिगत जनगणना का ऐतिहासिक निर्णय लेकर दूरदर्शी नेतृत्व का परिचय दिया है। यह निर्णय सामाजिक न्याय की दिशा में एक अभूतपूर्व कदम है जो समाज के सबसे वंचित और उपेक्षित वर्गों को उनके अधिकार और अवसर प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

मुख्यमंत्री ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों की बैठक में यह बात कही। इस बैठक में ऑपरेशन सिंदूर में सशस्त्र बलों के पराक्रम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव भी पारित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा भी इस एक दिवसीय सम्मेलन में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का ₹सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का मंत्र इस निर्णय में जीवंत रूप से प्रकट हुआ है। यह कदम वंचित समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को समझने में मदद करेगा।

## हुकटा प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला

**चंडीगढ़।** हुकटा प्रतिनिधि मंडल ने दिल्ली हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला और ज्ञापन सौंपा। हुकटा ने सेवा सुरक्षा व शिक्षा विभाग द्वारा सभी विवि के कुलपतियों को सेवा सुरक्षा होने तक नई स्थायी भर्ती करते समय पहले से कार्यरत सभी अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसर्स के पदों को भरा हुआ मानने का पत्र जारी करने का निर्देश दिया जाए और सेवा सुरक्षा के ड्राफ्ट में सुझावों पर विचार कर ड्राफ्ट में शामिल किया जाए। हुकटा के अनुसार मुख्यमंत्री सैनी ने आश्वस्त किया है कि सेवा सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

## कोरोना को लेकर जागे सरकार : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार की लापरवाही से जनता की जान पर बनती जा रही है, कोरोना प्रदेश के कई जिलों में दस्तक दे चुका है, पर तैयारियां अधूरी हैं, ऑक्सीजन प्लांट खराब पड़े हैं, अधिकतर जिलों में कोरोना के टेस्ट तक शुरू नहीं हुए हैं। प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था का 'स्वास्थ्य' ही खराब चल रहा है ऐसे में सरकार को इसमें तत्काल सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए, क्योंकि लोगों की जान माल की सुरक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है और सरकार इस जिम्मेदारी से भाग नहीं सकती।

## सर्व समाज मनाएगा महाराणा प्रताप जयंती : योगेंद्र राणा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का जयंती समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसका आयोजन कोई एक जाति विशेष नहीं बल्कि सर्व समाज के लोग करने जा रहे हैं और सर्व समाज ही इस कार्यक्रम में हिस्सा लेगा। इस आयोजन के माध्यम से हरियाणा के लोग पूरे देश को आपसी भाईचारे का संदेश देंगे। उक्त विचार करनाल के असंध से विधायक योगेंद्र राणा ने पत्रकारों से बातचीत में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि 29 मई को करनाल जिले के गांव सालवन में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का राज्य स्तरीय जयंती समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में हजारों की संख्या लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश व राजस्थान से यहां आने वाले लोगो का स्वागत गांवों की पंचायतों व सभी 36 बिरादरी के लोग करेंगे। प्रबंधों की दृष्टि से यहां एक लाख लोगों के बैठने का प्रबंध किया गया है।

## सीडीएलयू के वीसी अपने चहेतों को दे रहे नौकरी : दिग्विजय

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा में हरियाणा रोजगार कौशल निगम के तहत लगे कर्मचारियों की नियुक्तियों में हो रही गड़बड़ी के मुद्दे को गंभीरता से उठाया है। दिग्विजय ने कहा कि सीडीएलयू का कार्यभार संभाल रहे वाइस चांसलर प्रो. नरसीराम बिश्नोई यूनिवर्सिटी में अपनी मनमर्जी के तहत पुराने कर्मचारियों को हटाकर अपने करीबियों को एडजस्ट करने में लगे हुए, जो कि सरासर गलत है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि सीडीएलयू में हॉस्टल वार्डन दो महिला कर्मचारियों को हटा दिया गया, जबकि गाइडलाइन के मुताबिक किसी स्थाई कर्मचारी की नियुक्ति नहीं होने तक उन्हें नहीं हटाया जा सकता।

## एमएसएमई के 11 क्लस्टर विकसित किए जा रहे : राव नरबीर

**चंडीगढ़।** उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं को स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करने के लिए आरंभ किए गए स्टार्टअप कार्यक्रम के तहत एमएसएमई निदेशालय का गठन किया है। इसके तहत मिनी क्लस्टर विकास कार्यक्रम के लिए 90 प्रतिशत की अनुदान सहायता उपलब्ध कराई जाती है। मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए सरकार का प्रयास है कि प्रौद्योगिक उन्नयन, सामान्य सुविधाएं और बुनियादी ढांचे का विकास हो, इसके लिए एमएसएमई के 11 क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं, जिन पर 169.68 करोड़ रुपये खर्च होंगे। जिसमें राज्य सरकार द्वारा 20.07 करोड़ की सब्सिडी दी जाएगी। योजना के तहत 158 करोड़ रुपये की 46 परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है।

'जय हिन्द' सभा में बोले दीपेंद्र हुड्डा

## सांसद जांगड़ा के बयान पर महिला आयोग ने संज्ञान क्यों नहीं लिया



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निर्देश पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस द्वारा चंडीगढ़ में 'जय हिन्द' सभा की गई। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के महासचिव व राजस्थान के पूर्व उप-मुख्यमंत्री सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान, सांसद दीपेन्द्र हुड्डा, सांसद जय प्रकाश, सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, सांसद वरुण मुलाना, कांग्रेस के सभी विधायक, पूर्व विधायक मौजूद रहे। जय हिन्द सभा को संबोधित करने के बाद पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने जिनके सुहाग उजाड़ दिए उनके सम्मान को बीजेपी सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने अपने शब्दों से उजाड़ने का काम किया है। उन्होंने सवाल किया कि कहां है महिला आयोग, उसने अब तक इन बयानों का कोई संज्ञान क्यों नहीं लिया? दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि जिन बहन-बेटियों का सिंदूर उजड़ा है वो सभी हमारी बहन-बेटी हैं और पूरा देश उनके साथ एकजुट है। किसी भी राजनीतिक दल की ये विचारधारा नहीं होनी चाहिए कि उनका दल देश से पहले है। सचिन पायलट ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद विपक्ष ने एकजुट होकर देश की सेना और सरकार को समर्थन दिया और मजबूती से साथ खड़ा रहा। हमें फौज पर गर्व है। सचिन ने कहा कि सरकार को संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए।



## खबर संक्षेप

### ड्यूटी पर जाने के निकला सैनिक लापता

**कनीना।** गांव बव्वा निवासी 11 कुमाउं रेजिमेंट में बतौर हवलदार घर से ड्यूटी पर जाने के लिए निकला था, लेकिन वह सप्ताहभर बाद भी वहां नहीं पंहुच सका है। इस बारे में अमित कुमार ने सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई संजय कुमार पिछले 14 साल से भारतीय सेना में कार्यरत है। बीती 19 मई को रात्रि साढ़े नौ बजे वह घर से कालका, घामपुर ड्यूटी पर जाने के लिए कनीना रेलवे स्टेशन से गाड़ी में सवार हुआ था, जो अभी तक यूनिट में नहीं पहुंचा है। उसका मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ आ रहा है।

### अवैध खनन मामले में ट्रक को किया सीज

**नारनौल।** थाना निजामपुर की पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए निजामपुर क्षेत्र में अवैध खनन कर ट्रक में पत्थर भरकर ले जाते पकड़ा। जिले के क्षेत्र में थाना निजामपुर टीम ने पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के दिशानिर्देशानुसार अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से आयरन पत्थर भरकर ले जाते हुए एक ट्रक को जब्त किया है। थाना निजामपुर पुलिस व अवैध खनन के खिलाफ गठित टीम ने पकड़ने के लिए स्पेशल चेकिंग अभियान चलाया। खनन रहित क्षेत्र में अवैध खनन कर ट्रक में आयरन पत्थर भरकर ले जाए जा रहे थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रक को पकड़ा।

### ट्रक बॉडी के नीचे दबकर बुजुर्ग की मौत

**जींद।** उचाना में शनिवार रात बारिश के बचने के लिए ट्रक बॉडी के नीचे बैठे व्यक्ति की नीचे दब कर मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। गांव पालवां निवासी तिलकू (75) बीती रात बारिश से बचने के लिए निजी स्कूल के निकट ट्रक बॉडी के नीचे बैठा हुआ था। तेज हवा तथा बारिश के दौरान बॉडी नीचे गिर और तिलकू नीचे दब गया। जब तक उसे बाहर निकाला जाता तब तक मौत हो चुकी थी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# रतिया के फेमस कंटेंट क्रिएटर सुख रतिया पर पांच लाख की सुपारी लेकर महिला का गला रेतने का आरोप, मुंबई पुलिस ने नोएडा से गिरफ्तार किया

■ सुखप्रीत सिंह उर्फ सुख रतिया इंस्टाग्राम पर 5.25 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स ■ महिला की हत्या के आरोप में सुख का साथी भी काबू

**खौफनाक मर्डर**

■ किशोर सिंह नाम के शख्स ने पत्नी को मरवाने के लिए दिए थे पांच लाख रुपये

■ 18 मई की रात को सुख रतिया और उसके साथी गुरप्रीत सिंह ने मास्क पहनकर पहले महिला की रेकी की, मौके मिलते ही गला रेतकर फरार हो गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

रतिया का फेमस कंटेंट क्रिएटर सुखप्रीत सिंह उर्फ सुख रतिया पर 5 लाख की सुपारी लेकर एक महिला की हत्या का आरोप लगाया है। नोएडा पुलिस ने सुखप्रीत सिंह व उसके एक साथी को गिरफ्तार कर नवी मुम्बई पुलिस को सौंप दिया है। सुखप्रीत सिंह उर्फ सुख रतिया इंस्टाग्राम पर 5.25 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। जिस शख्स को लोग इंस्टाग्राम रील्स और स्टाइलिश लाइफस्टाइल के लिए जानते थे, अब वही एक बेहद खौफनाक मर्डर केस में मुख्य आरोपी बन गया। मिली जानकारी अनुसार फतेहाबाद जिले के रतिया कस्बे के रहने वाले 24 वर्षीय सुख रतिया ने केवल 12वीं तक की पढ़ाई की है। मॉडलिंग की ख्वाहिश लेकर 2022 में अपने मामा के लडक़े



गुरप्रीत सिंह के साथ मुंबई पहुंचा था। वहां उसकी जान-पहचान एक सैलून चलाने वाली महिला से हुई, जो गाजियाबाद, यूपी की रहने वाली है। पुलिस पूछताछ में सुखप्रीत ने कबूल किया कि उसी महिला ने उसे 5 लाख रुपए में हत्या की सुपारी दिलवाई। हत्या की सुपारी किशोर सिंह नाम के एक शख्स ने दी थी, जिसने अपनी ही पत्नी को मरवाने की योजना बनाई थी। 18 मई की रात, सुख रतिया और उसके साथी गुरप्रीत सिंह ने मास्क पहनकर पहले रैकी की, फिर महिला का पीछा किया और सडक़ पर उसका गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात एक सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई थी। पुलिस जांच में सामने आया कि हत्या से पहले सुखप्रीत ने ऑनलाइन चाकू खरीदा था और हत्या की रात खासतौर पर महिला की गतिविधियों की निगरानी की गई। ये कोई इमोशनल क्राइम नहीं बल्कि पूरी तरह प्लान की गई प्रोफेशनल सुपारी किलिंग थी। दरअसल, सुख रतिया व गुरप्रीत को पैसों की जरूरत थी और फेक फेम के चक्कर में उसने ये कदम उठा लिया। नोएडा एसटीएफ को इनपुट मिला कि दोनों आरोपी सूरजपुर थाना क्षेत्र के घंटा गोल चक्कर के पास खड़े हैं और भागने की फिराक में हैं। तभी पुलिस ने दबोचा लिया।

### तीन साल से मुंबई में था

24 साल के सुख रतिया का सही नाम सुखप्रीत सिंह है। वह 12वीं तक पढ़ा हुआ है। उसके 5.25 लाख से अधिक इंस्टाग्राम फॉलोअर्स है। उसे फैशन, लुक्स और मॉडलिंग से जुड़े वीडियो बनाने वाला कंटेंट क्रिएटर के तौर पर जाना जाता है। सुख रतिया फतेहाबाद जिले के रतिया शहर की इम्प्लाइज कॉलोनी का रहने वाला है। उसका परिवार साधारण ही है। पिता धीरा सिंह कृषि उपकरण बनाने का काम करते हैं। पंजाब में लडक़ी के साथ विवाद हो गया। इसके बाद उसे पंजाब से धमकियां मिली तो वह मामा के लडक़े के साथ मुंबई चला गया। शुरुआत में वह लड़कियों के साथ गंदी गालियां निकालते हुए इंस्टाग्राम व फेसबुक पर वीडियो बनाता था। इस तरह सोशल मीडिया पर उसकी वीडियो वायरल होती रहती थी। कुछ समय वह चंडीगढ़ में भी रहा। अब पिछले तीन साल से मुंबई में था।

### दिल्ली पुलिस की वर्दी पहने युवक ने 15 हजार छीने

**गुरुग्राम।** बिलासपुर एरिया में दिल्ली पुलिस की वर्दी पहने युवक द्वारा खादी और ग्रामोद्योग आयोग के असिस्टेंट डायरेक्टर ने 15 हजार रुपए लूट लिए। आरोपी ने एनएच-48 पर बिलासपुर के पास पीड़ित की कार को रुकवाया और मारपीट करने के साथ कार की चाबी भी साथ ले गया। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के कोटपुतली निवासी अमित कुमार ने बताया कि वह खादी और ग्रामोद्योग आयोग मुंबई में सहायक निदेशक-1 के पद पर कार्यरत हैं। बीती 24 मई 2025 को सुबह 5 बजे वह अपने भाई प्रवेश यादव की गाड़ी लेकर दिल्ली के लिए निकले थे। सुबह 6:00 से 6:30 बजे के बीच जब वह बिलासपुर के पास पहुंचे, तभी एक अनजान काले रंग की ब्रेजा कार ने उनकी गाड़ी के आगे कट मारकर उन्हें रोकने की कोशिश की। अमित ने गाड़ी साइड में रोकी, तभी उस कार से एक व्यक्ति बाहर निकला, जिसने दिल्ली पुलिस की वर्दी पहनी हुई थी। उसकी वर्दी पर कर्मवीर नाम लिखा था। युवक ने उनके साथ गाली-गलौच शुरू की और फिर मारपीट पर उतर आया।

# रोडवेज बस पलटी, ट्रक को साइड देने के चक्कर में हादसा, 22 यात्री घायल

■ सड़क की मिट्टी दरकने से बस का पहिया धंसा ■ करोड़ा से नरवाना जा रही थी बस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

गांव कसान के निकट करोड़ा से नरवाना जा रही हरियाणा रोडवेज की बस ट्रक को साइड देने के चक्कर में सड़क किनारे गड्ढों में पलट गई। हादसे के बाद बस के शीशे टूट गए और सवारियों में चीख-पुकार मच गई। बस में सवार यात्री एक-दूसरे पर गिर पड़े, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और बस के ऊपर चढ़कर यात्रियों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही किठाना चौकी पुलिस और डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को एंबुलेंस के जरिए कैथल के सिविल अस्पताल और सिग्नस अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिसकर्मी बिरेंद्र सिंह ने बताया कि हादसे में 22 यात्रियों को चोटें आई हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि शनिवार देर रात हुई तेज बारिश के कारण सड़क की मिट्टी दरकने से से बस का पहिया धंस गया। इस कारण बस अनियंत्रित होकर सडक किनारे खेत में पलट गई। इस हादसे में करीब 22 यात्री घायल हो गए।

■ हादसे के बाद यात्रियों में चीख -पुकार मच गई

■ राहगीरों ने यात्रियों को बाहर निकाला

### ये यात्री हुए घायल

बस चालक 42 वर्षीय संजय कुमार, कोटडा निवासी 26 वर्षीय छाना, जाखौली निवासी 65 वर्षीय शांति, भाना निवासी 48 वर्षीय भतेरी, 42 वर्षीय सुमन, कमालपुर निवासी 64 वर्षीय महेंद्र, करोडा निवासी 60 वर्षीय कमला, सिसला निवासी 10 वर्षीय रोबिन, जाखौली निवासी 18 वर्षीय रोहित, सेरधा निवासी 40 वर्षीय कविता, कोटडा निवासी 60 वर्षीय मूर्ति, सेरधा निवासी 64 वर्षीय बलवान, कोटडा निवासी 28 वर्षीय ऊषा देवी, भाना निवासी 60 वर्षीय नीता, 41 वर्षीय सुमन, करोडा निवासी 30 वर्षीय रविंद्र, भाना निवासी 62 वर्षीय मूर्ति, 30 वर्षीय सोनिया, सेरधा निवासी 74 वर्षीय बुधराम, 72 वर्षीय शशि, करोडा निवासी 72 वर्षीय रामधारी, बुढाखेडा निवासी 31 वर्षीय सतीश कुमार घायल हुए। सभी यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।





**कैथल।** हादसे के बाद अस्पताल में उपचाराधीन महिलाएं।

### रविवार के कारण छुट्टी पर थे डॉक्टर्स, फोन कर बुलाया

जैसे ही बस पलटने से घायल यात्रियों को कैथल के नागरिक अस्पताल लाया गया तो यहां यात्रियों की चीखें सुनाई दे रही थी। एक के बाद एक एंबूलेंस व प्राइवेट वाहनों क सहायता से घायलों को अस्पताल लाया जा रहा था। रविवार को चिकित्सकों के अवकाश होने के बावजूद कुछ चिकित्सकों को काल कर बुलाया गया तथा घायलों का उपचार किया। पुलिस कर्मचारी बिरेंद्र सिंह ने बताया कि वे अपनी टीम के साथ सूचना मिलते ही गांव कसान के घटनास्थल पर पहुंची तथा वहां पर राहगीरों व पुलिस कर्मचारियों की सहायता से घायलों को बस से निकाले हुए कैथल के नागिरिक अस्पताल और सिग्नस अस्पताल में भेजा गया है।

### कैंटर चालक ने पांच लोगों को मारी टक्कर, महिला की मौत, दो गंभीर

**अंबाला।** रविवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक कैंटर ने हाइवे किनारे खड़े टाटा ऐश में सवार 5 लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पांच को गंभीर हालत में नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। हादसे में जान गंवाने वाली महिला की पहचान अंबाला शहर की जग्गी कॉलोनी की शुभलेश चौहान ले रूप में हुई है। हादसे में सुभलेश के पति नेत्रपाल व बेटा कमल भी गंभीर रूप से घायल हैं। दूसरा कार सवार पंचकूला के सेक्टर-12 निवासी सुरेश जिंदल व ड्राइवर प्रेम भी हादसे में जख्मी हैं। मृतका सुभलेश की बेटी शशी ने बताया कि वह लाडवा से पंचकूला की तरफ जा रहा थे। इस दौरान दूसरी कार से साइड लग गई थी। अभी वह दोनों कार सवार उतरकर बातचीत कर रहे थे कि टाटा ऐस ने खड़े सभी लोगों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद टाटा ऐस चालक मौके से फरार हो गया। हादसा अंबाला-अमृतसर हाईवे स्थित काली पलटन पुल से निकट हुआ। हादसे में घायल हुए चार अन्य को उपचार के लिए अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल में लाया गया। यहां से दो लोगों को चंडीगढ़ जीएमसीएच सेक्टर-32 में रेफर कर दिया गया। उनकी हालात गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने कैंटर चालक के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कंटेनर से शराब की खेप बरामद पंजाब से गुजरात जा रहा था वाहन

■ शराब की 950 पेटियां, 6 हजार पव्वे व 3360 बीयर कैन बरामद

■ पुलिस ने राजस्थान के युवक को गिरफ्तार कर केस दर्ज किया

**फतेहाबाद।** पुलिस ने एक बंदबाडी कंटेनर से भारी मात्रा में शराब बरामद होने के मामले में आगामी कार्रवाई करते हुए राजस्थान के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान धर्मेन्द्र कुमार उर्फ धर्मू पुत्र गोविंद प्रसाद निवासी बरूंदनी, भिलवाड़ा, राजस्थान के रूप में हुई है। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी इंस्पेक्टर कुलदीप ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 1 मार्च 2024 को आबकारी अधिनियम व धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया था। एवीटी स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम एचसी दिनेश कुमार के नेतृत्व में गश्त पर थी। पुलिस को सूचना मिली कि दिनेश पुत्र जयराम निवासी दाता जिला संचौर, राजस्थान शराब तस्करी का काम करता है और राजस्थान नंबर के बंद बॉडी कंटेनर में पंजाब से भारी मात्रा में शराब लाकर गुजरात में सप्लाई करता है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने गांव अयाल्की के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ दिन बाद एक बंदबॉडी कंटेनर रतिया की तरफ से आता दिखाई दिया। पुलिस कर्मचारियों ने कंटेनर को रूकवा कर चालक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम दिनेश बताया। पुलिस ने जब गाड़ी को चैक किया तो उसमें भारी मात्रा में शराब की पेटियां रखी थी। पुलिस ने कंटेनर से 950 पेटियों में 7920 बोतल अंग्रेजी शराब, 6 हजार पव्वे अंग्रेजी शराब व 3360 बीयर कैन बरामद किए थे। इस मामले में जांच अधिकारी ने आगामी कार्रवाई करते हुए एक ओर आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है

### एटीएम बदल कर युवती के खाते से 80 निकाले

**गुरुग्राम।** न्यू कॉलोनी थाना एरिया में एक व्यक्ति ने एटीएम बूथ पर मदद करने के बहाने एक युवती का डेबिट कार्ड बदलकर अकाउंट से 80 हजार रुपए निकाल लिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में हरियाणा के यमुनानगर की सीमा तंवर ने कहा कि वह गुडग़ांव के शिवपुरी में रहती है। वह बीती 22 मई की सांय करीब पांच बजे ओल्ड रेलवे रोड स्थित एटीएम बूथ पर रुपए निकालने के लिए गई थी। उसने डेबिट कार्ड के जरिए पांच हजार रुपए निकाले। लेकिन ट्रांजेक्शन कैंसिल नहीं हुई तो समीप खड़े एक व्यक्ति से मदद मांगी। इसी दौरान व्यक्ति ने धोखे से उसका डेबिट कार्ड बदलकर उसे दूसरा थमा दिया। इसके बाद रात करीब 12 बजे व 1 बजे जब सीमा के पास 80 हजार रुपए निकाले जाने का मैसेज आया तो उसने डेबिट कार्ड चेक किया। जो बदला हुआ पाया गया। सीमा की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## गोरखपुर में तूफान से ढह गया पक्षियों का 65 फुट ऊंचा रैन बसेरा

### निर्माण की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

शनिवार शाम भूना क्षेत्र में तेज आंधी-तूफान से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। कई जगह पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए। एसडीओ विजय कुमार ने बताया कि शुरुआती जांच में 70 बिजली के पोल और 5 ट्रांसफार्मर टूटकर गिर गए। हवा की रफ्तार इतनी तेज थी कि गोरखपुर गांव में लाखों रुपये की लागत से कुछ महीने पहले बना पक्षी रैन बसेरा पूरी तरह गिर गया। इसमें कई कबूतर घायल हो गए। जांडलीखुर्द से मोचीवाली रोड पर पेड़ उखड़ गए। बिजली के खंभे टूटकर सडक़ों पर गिर पड़े। शहर की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। निगम के कर्मचारी रात से ही बिजली बहाल करने में जुटे रहे। लगातार 18 घंटे की मेहनत के बाद सप्लाई बहाल हो सकी।



गोरखपुर गांव में 8 लाख रुपये से अधिक की लागत से बना 65 फुट ऊंचा पक्षी रैन बसेरा भी तेज आंधी में गिर गया। सोशल मीडिया पर लोग इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे हैं। लोगों का आरोप है कि निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल हुआ। रैन बसेरा मलबे में तब्दील हो गया है। कई पक्षी बुरी तरह घायल हुए हैं। ग्राम पंचायत के सरपंच डॉ. मनदीप योगी ने बताया कि रैन बसेरा बनाने वाले ठेकेदार को अभी कोई भुगतान नहीं किया गया है, परंतु प्राकृतिक आपदा से काफी नुकसान हुआ है। मगर इसके आगे किसी का जोर नहीं चलता। फिर भी उपरी हिस्से का टावर गिरने के मामले में ठेकेदार को तलब किया जाएगा।


## नहर में नहाने गए तीन बच्चे डूबे, दो को लोगों ने बचाया, एक की तलाश चल रही

**जींद ।** जुलाना में सुंदर ब्रांच नहर में नहाने के लिए उतरे तीन बच्चे डूब गए। आसपास लोगों ने डूबते देख निकालने की कोशिश की और दो बच्चों को बाहर निकाल कर बचा लिया गया लेकिन तीसरा बच्चा देर शाम तक भी नहीं मिल पाया। बच्चे की तलाश की जा रही है जुलाना क्षेत्र के करेला गांव के पास से सुंदर ब्रांच नहर गुजर रही है। इसमें शनिवार देर शाम को ही नहरी पानी आया था। रविवार शाम को छह बजे झमोला गांव के तीन बच्चे 11 वर्षीय अंकित, 10 साल का अनमोल और 11 साल का वंश नहर पर नहाने के लिए चले गए। तीनों ने नहर में छलांग लगा दी। इनमें से किसी को भी तैरना नहीं आता था।

### गहराई का नहीं था अनुमान

बच्चों ने सोचा कि एक दिन पहले ही नहर में पानी आया है, इसलिए ज्यादा पानी नहीं होगा लेकिन नहर में पानी ज्यादा था, इसलिए बच्चों के पांव नीचे नहीं लग पाए और वह डूबने लगे। आसपास के लोगों ने डूबते हुए देखा तो वंश और अनमोल को बचा लिया लेकिन अंकित का पता नहीं चल पाया। घटना की सूचना मिलते ही जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ मिलकर अंकित की तलाश शुरू की। थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि सर्च अभियान जारी है। बताते चलें कि इससे पहले भी यहां नहाते समय कई बच्चे डूब चुके हैं। दो साल पहले तत्कालीन डीसी ने नहर में नहाने पर प्रतिबंध लगाया था। नोटिस भी लगाए गए थे। लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ।

## शब्द पहेली - 5878



**बाएँ से दाएँ**


1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**

1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

### शब्द पहेली- 5877 का हल








# श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स में बने उपविजेता

**कुआलालंपुर।** भारतीय खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत रविवार को यहां मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में चीन के विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी ली शी फेंग से सीधे गेम में हारकर उप विजेता रहे और लंबे समय से चला आ रहा उनके खिताब का सूखा खत्म नहीं हो सका। चोटों और मौकों को गंवाने के बाद वापसी करने वाले 32 वर्षीय श्रीकांत ने छह साल में पहली बार बीडब्लूएफ विश्व टूर फाइनल में जगह बनाई। क्वालीफायर से शुरुआत करने के बाद फाइनल तक पहुंचे इस भारतीय का शानदार अभियान 36 मिनट में दूसरे वरीय शी फेंग से 11-21, 9-21 से मिली हार से खत्म हो गया।


शी फेंग से मिली हार

# इंटर मियामी ने यूनियन को बराबरी पर रोका

**चेस्टर।** दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी के प्रेरक भाषण ने खराब दौर से गुजर रहे इंटर मियामी ने एमएलएस लीग में दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए फिलाडेल्फिया यूनियन को 3-3 की बराबरी पर रोका। मेसी ने इस दौरान 87वें मिनट में फ्री किक पर गोल कर मैच में टीम की वापसी कराई। क्वेन सुलिवन के गोल से यूनियन की टीम ने मैच के सातवें मिनट में बढ़त बना ली थी जबकि ताई बारिबो ने मध्यांतर से पहले टीम को 2-0 से आगे कर दिया। तादेओ अलेंदे ने दूसरे हाफ में गोल करके इंटर मियामी का खाता खोला लेकिन बारिबो ने मैच के अपने दूसरे गोल से यूनियन को एक बार फिर से दो गोल (3-1) से आगे कर दिया। मेसी ने फ्री किक को गोल में बदल कर स्कोर 2-3 किया जबकि स्टॉपेज समय (90+5 मिनट) टेलास्को सेगोविआ के गोल ने टीम के लिए मैच से एक अंक सुनिश्चित कर लिया।


3-3 की बराबरी

**खास खबर**

# पिछली गलतियों को सुधारने के लिए तैयार : सुनील छेत्री

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

करिश्माई भारतीय स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने रविवार को कहा कि उनकी टीम 2027 एशियाई कप के क्वालीफाइंग दौर प्रतियोगिता में इस साल मार्च बांग्लादेश के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ में की गई गलतियों को सुधारने के लिए बेताब है। भारत को 25 मार्च को शिलांग में एशियाई कप क्वालीफाइंग के तीसरे चरण में ग्रुप सी के अपने शुरुआती मैच में निचली रैंकिंग वाली बांग्लादेश ने



गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया था। इस परिणाम ने टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज को नाराज कर दिया था। भारत अपना दूसरा मैच 10 जून को कॉव्लून में हांगकांग से खेलेगा।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 14 | 9 | 5 | 18 |
| पंजाब | 13 | 8 | 4 | 17 |
| बेंगलुरु | 13 | 8 | 4 | 17 |
| मुंबई | 13 | 8 | 5 | 16 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 6 | 15 |
| हैदराबाद | 14 | 6 | 7 | 13 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 |
| कोलकाता | 14 | 5 | 7 | 12 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 14 | 4 | 10 | 8 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
679 रन
गुजरात

पर्पल कैप



नूर अहमद
24 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप



### गिल को आगे बढ़कर नेतृत्व करना होगा

**मुंबई।** पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को विराट कोहली और रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में आगे बढ़कर नेतृत्व करना होगा लेकिन युवा टीम का आकलन इतनी जल्दी नहीं किया जाना चाहिए। गिल को शनिवार को भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया जबकि ऋषभ पंत उनके उप कप्तान होंगे क्योंकि अगले महीने इंग्लैंड दौरे से नयी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआत होगी। हरभजन ने कप्तान के रूप में गिल के चयन का स्वागत किया लेकिन कहा कि आगे काफी चुनौतियां हैं।

### अब भी भारत के लिए खेलने का सपना

**नई दिल्ली।** लगभग दो साल से भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ से बाहर अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा अब भी टेस्ट टीम का हिस्सा बनने का सपना



संजोए हुए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने करियर की दिशा को लेकर कोई पछतावा नहीं है। सैंतीस वर्षीय पुजारा ने आखिरी बार जून 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान भारत के लिए टेस्ट मैच खेला था। पुजारा ने कहा, 'अगर मुझे मौका मिलता है तो मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी, लेकिन निश्चित रूप से मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो वर्तमान में रहना पसंद करता है।'

### पवन थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**बैंकॉक।** भारतीय मुक्केबाज पवन बार्तवाल ने रविवार को यहां कंबोडिया के साओ रंगसे पर 5-0



की शानदार जीत के साथ चौथे थाईलैंड ओपन अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट के पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। राष्ट्रीय चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता बर्तवाल ने बेहतरीन फुटवर्क और रणनीतिक कौशल के साथ मुकाबले पर अपना दबदबा बनाया और टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत हासिल की।

## आईपीएल : गुजरात को 83 रन से रौंदा, टाइटंस के शीर्ष दो का सपना टूटा

# जीत का जश्न... पर चेन्नई का पहली बार अंतिम स्थान से अभियान का समापन

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को आईपीएल मैच में गुजरात टाइटन्स को 83 रन से शिकस्त दी। सीएसके के खिलाड़ियों में प्लेऑफ की शीर्ष टीम को हराने की खुशी साफ तौर पर झलक रही थी। इससे टाइटंस को तालिका में शीर्ष दो में रहने की उम्मीदों को झटका लगा। गुजरात हार के बाद भी 14 मैच में 18 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। सीएसके ने पांच विकेट पर 230 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। पर इस लक्ष्य के जवाब में गुजरात टाइटन्स की टीम 18.3 ओवर में 147 रन पर सिमट गई।

शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए गुजरात की टीम उम्मीद करेगी कि अंतिम लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (17 अंक) की टीम लखनऊ सुपर जायंट्स से हार जाए। मुंबई इंडियंस (16 अंक) और पंजाब किंग्स (17 अंक) के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता टीम तालिका में गुजरात टाइटन्स से ऊपर पहुंच जाएगी। वहीं सीएसके पहली बार आईपीएल में तालिका में अंत में रहेगी। अनुभवी क्रिकेटर डेवोन कॉनवे (52 रन) और ब्रेविस (57 रन) ने विपरीत अंदाज में अर्धशतक जड़े। सीएसके लिए आयुष म्हात्रे (34 रन) और उर्विल पटेल (37 रन) ने तेज शुरुआत की।



### 'अलविदा नहीं कह रहा, न ये कह रहा कि लौटूंगा...' धोनी

*आईपीएल के अपने आखिरी लीग मैच में चेन्नई सुपर किंग्स की गुजरात टाइटंस पर जीत के बाद एमएस धोनी ने अपने आईपीएल भविष्य को लेकर स्थिति साफ नहीं की है। धोनी ने कहा कि वह इस फैसले के लिए कुछ समय लेंगे और आने वाले कुछ महीनों में तय करेंगे कि वे अगला सीजन खेलेंगे या नहीं। मैच के बाद धोनी ने कहा, 'मेरे पास फैसला करने के लिए 4-5 महीने हैं। कोई जल्दी नहीं है कि क्या करना है। हर साल शरीर को फिट रखने में 50% ज्यादा मेहनत लगती है। यह क्रिकेट का सर्वोच्च स्तर है। अगर खिलाड़ी प्रदर्शन के आधार पर संन्यास लेने लगें, तो कई तो 22 की उम्र में ही संन्यास ले लेंगे। ज़रूरी यह है कि आपके अंदर कितनी भूख है, आप कितने फिट हैं और टीम के लिए कितना योगदान दे सकते हैं, और क्या टीम को आपकी ज़रूरत है। मेरे पास पर्याप्त समय है। मैं रांची वापस जाऊंगा, लंबे समय से घर नहीं गया हूं। कुछ बाइक राइड्स का आनंद लूंगा, फिर दो-तीन महीने बाद फैसला करूंगा। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि मैं अब खत्म हो गया हूं और ये भी नहीं कह रहा कि मैं वापसी करूंगा। मेरे पास समय की सुविधा है।'*

### 10वें स्थान पर रही चेन्नई सुपर किंग्स

*मौजूदा सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स का ये आखिरी मुकाबला रहा, यानी उसने जीत के साथ विदाई ली। 14 मैच खेलकर 4 में जीत हासिल की। चेन्नई अंकतालिका में 10वें एवं आखिरी नंबर पर रही। दूसरी ओर गुजरात टाइटन्स की 14 मैचों में ये 5वीं हार रही।*

### स्कोर बोर्ड

| चेन्नई | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| म्हात्रे का सिराज बो कृष्णा | 34 | 17 | 3 | 3 |
| डेवोन कॉनवे बो राशिद | 52 | 35 | 6 | 2 |
| उर्विल का गिल बो किशोर | 37 | 19 | 4 | 2 |
| दुबे का कोएत्जी बो शाहरुख | 17 | 08 | 0 | 2 |
| ब्रेविस का बटलर बो कृष्णा | 57 | 23 | 4 | 5 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 21 | 18 | 1 | 1 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 20 ओवर में 230/5
गेंदबाजी : सिराज 4-0-47-0, अरशद 2-0-42-0, कृष्णा 4-0-22-2, कोएत्जी 3-0-34-0, किशोर 2-0-23-1, राशिद 4-0-42-1, शाहरुख 1-0-13-1.

| गुजरात | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का शिवम बो जडेजा | 41 | 28 | 6 | 0 |
| गिल का पटेल बो कम्बोज | 13 | 09 | 1 | 1 |
| बटलर का कम्बोज बो खलील | 05 | 07 | 0 | 0 |
| रदरफोर्ड का म्हात्रे बो कम्बोज | 00 | 04 | 0 | 0 |
| शाहरुख का पाथिराना बो जडेजा | 19 | 15 | 0 | 2 |
| तेवतिया का शिवम बो नूर | 14 | 10 | 1 | 0 |
| राशिद खान का पटेल बो नूर | 12 | 08 | 1 | 1 |
| जेराल्ड कोएत्जी बो पाथिराना | 05 | 05 | 1 | 0 |
| अरशद खान बो नूर | 20 | 14 | 0 | 3 |
| किशोर का धोनी बो कम्बोज | 03 | 07 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 03 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 18.3 ओवर में 147/10
गेंदबाजी : जडेजा 3-0-17-2, खलील 3-0-17-1, कम्बोज 2.3-0-13-3, दुबे 2-0-33-0, नूर अहमद 4-0-21-3, पाथिराना 3-0-29-1, हुड्डा 1-0-15-0.



# क्लासेन का शतक, सनराइजर्स ने नाइट राइडर्स को 110 रन से रौंदा

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

हेनरिक क्लासेन के तूफानी शतक के बाद जयदेव उनादकट की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को 110 रन से रौंदकर अपने अभियान का अंत जीत के साथ किया। प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी इन दो टीम के बीच हुए मुकाबले को जीतकर सनराइजर्स की टीम 14 मैच में 13 अंक के साथ छठे स्थान पर पहुंच गई। नाइट राइडर्स की टीम 14 मैच में 12 अंक के साथ आठवें स्थान पर है। क्लासेन ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 39 गेंद में नौ छक्कों और सात चौकों से नाबाद 105 रन बनाने के अलावा हेड (76 रन, 40 गेंद, छह छक्के, छह चौके) और इशान किशन (29) के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे विकेट के लिए समान 83 रन की साझेदारी भी की जिससे सनराइजर्स ने तीन विकेट पर 278 रन बनाए। यह आईपीएल इतिहास का तीसरा सर्वश्रेष्ठ और मौजूदा सत्र का दूसरा सर्वश्रेष्ठ टीम स्कोर है। हेड ने अभिषेक शर्मा (32) के साथ पहले विकेट के लिए भी 92 रन जोड़े। आईपीएल के इतिहास के चार सर्वश्रेष्ठ टीम स्कोर अब सनराइजर्स के नाम हैं। टीम ने 15 अप्रैल 2024 को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाए थे जो आईपीएल इतिहास का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। पैट कमिंस की टीम ने मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 23 मार्च को छह विकेट पर 286 रन का स्कोर खड़ा किया था।

**5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला**

# 10 खिलाड़ी पहली बार जाएंगे इंग्लैंड दौरे पर, तीन करेंगे डेब्यू



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीसीसीआई ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद इंग्लैंड दौरे के लिए टेस्ट टीम का ऐलान कर दिया। शुभमन गिल को नया टेस्ट कप्तान बनाया गया है, जबकि ऋषभ पंत को उप-कप्तानी की जिम्मेदारी मिली है। टीम में कई नए खिलाड़ियों को जगह दी गई है। ऐसे में 10 खिलाड़ी पहली बार इंग्लैंड का दौरा करेंगे।

करुण नायर की 8 साल बाद भारतीय टीम में वापसी हुई है। साई सुदर्शन और अर्शदीप सिंह को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरा 20 जून से आगाज होगा। भारतीय टीम में रवींद्र जडेजा, केएल राहुल और जसप्रीत बुमराह सबसे ज्यादा अनुभवी हैं।

### तीन खिलाड़ी अनुभवी

*रवींद्र जडेजा ने 80 टेस्ट मैच अब तक खेले हैं। केएल 58 टेस्ट मैच में टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। जसप्रीत बुमराह 45 और ऋषभ पंत 43 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। ऐसे में भारतीय टीम में अनुभव की कमी है। खासकर रोहित और कोहली के संन्यास लेने के बाद।*

### पहली बार इंग्लैंड दौरा

*भारतीय क्रिकेट फैंस को यह जानकर हैरानी होगी कि टीम इंडिया के 18 में से 10 खिलाड़ी पहली बार इंग्लैंड का दौरा करेंगे। अर्शदीप सिंह, अभिमन्यु ईश्वरन, यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल, वॉशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा और नीतिश रेड्डी ये वो नाम हैं जो पहली बार इंग्लैंड का दौरा करेंगे।*

### तीन के पास डेब्यू का मौका

इसके अलावा 3 खिलाड़ी ऐसे हैं, जिनका अभी तक टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू तक नहीं हुआ है। इनमें अभिमन्यु ईश्वरन, साई सुदर्शन और अर्शदीप सिंह शामिल हुए हैं। इन तीनों खिलाड़ियों को इंग्लैंड में अपने टेस्ट डेब्यू करने का मौका मिल सकता है। हालांकि, इंग्लैंड की परिस्थितियों में इन युवा खिलाड़ियों की परीक्षा होगी।

### बहुत समय से वापसी का इंतजार थाः नायर

**जयपुर।** दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज करुण नायर ने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में वापसी पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि उन्हें इसका लंबे समय से इंतजार था। 33 वर्षीय नायर ने भारत के लिए पिछली बार 2017 में खेला था। नायर को 2017 में टेस्ट में तिहरा शतक जड़ने के बावजूद टीम से बाहर कर दिया गया था। वह भारत के लिए तिहरा शतक लगाने वाले सिर्फ दूसरे बल्लेबाज है। टेस्ट टीम में चयन के बारे में उन्होंने कहा, 'बहुत शुक्रगुजार हूं कि वापसी कर सका। खुशकिस्मत हूं कि यह मौका मिला। मैं लंबे समय से इसका इंतजार कर रहा था। बहुत सारे बधाई के संदेश मिले हैं।'

# मिश्रित टीम ने जूनियर निशानेबाजी विश्व कप में जीता रजत और कांस्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने रविवार को जर्मनी के सुहल में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ जूनियर विश्व कप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक जीता। भारत इस तरह दो दिनों में टूर्नामेंट में दूसरी बार दो पोडियम स्थान हासिल करने में सफल रहा। नारायण प्रणव और ख्याति चौधरी की जोड़ी ने रजत जीता जबकि हिमांशु और शांभवी क्षीरसागर की जोड़ी ने कांस्य पदक हासिल किया।

भारत इससे पदक तालिका दोहरे अंक (दो स्वर्ण, चार रजत, चार कांस्य) पर पहुंचने में सफल रहा। सोमवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन दो और फाइनल होने हैं। ख्याति और नारायण की जोड़ी ने 38 टीमों के क्वालीफाइंग राउंड में 631.0 अंक


फाइल फोटो

हासिल कर दूसरा स्थान हासिल किया। यह जोड़ी चीन के हुआंग युटिंग और हुआंग लिवानलिन की जोड़ी के पीछे रही। चीन की जोड़ी ने 632.6 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। स्वर्ण पदक के मैच में भारतीय जोड़ी ने चीन की जोड़ी को कड़ी टक्कर दी। टीमों टीमें 15वीं सीरीज तक 14-14 अंक की बराबरी पर थी। चीन की जोड़ी ने 15वीं सीरीज को 0.5 से जीतकर 16 अंक हासिल किए और स्वर्ण पदक जीता।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली को 2-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| रोसारियो

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली को 2-1 से हराकर यहां चार देशों के टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारत के लिए सुखवीर कौर (39वें मिनट) और कनिका सिवाच (58वें मिनट) ने गोल किए, जबकि चिली के लिए जावेरीया सैन्ज (20वें मिनट) ने एकमात्र गोल किया। जावेरीया ने 20वें मिनट में गोल करके चिली को बढ़त




दिलाई जिससे दूसरे हाफ में भारतीय टीम दबाव में रही। भारत ने हालांकि तीसरे क्वार्टर में सुखवीर के 39वें मिनट के गोल से बराबरी हासिल की। फिर कनिका ने 58वें मिनट में गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। भारत का अगला मुकाबला अब रविवार (भारतीय समयानुसार सोमवार) को उरुग्वे से होगा।

## कार्लसन और नाकामुरा जैसे शीर्ष खिलाड़ी भी आज से पेश करेंगे चुनौती

# विश्व चैंपियन गुकेश नॉर्वे शतरंज के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶| स्टावेंगर

क्लासिकल शतरंज शैली में सबसे कड़े प्रतिद्वंद्वियों को मात देने की क्षमता रखने वाले विश्व चैंपियन डी. गुकेश और अर्जुन एरिगेसी सोमवार से शुरू होने वाले नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। इस टूर्नामेंट में मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे शीर्ष खिलाड़ी भी चुनौती पेश करने के लिए तैयार है।

शतरंज कैलेंडर पर सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक नॉर्वे शतरंज में पुरुष और महिला वर्ग में छह-छह खिलाड़ी शामिल हैं। इसे 'डबल राउंड-रॉबिन' प्रारूप में खेला जाता है। महिला वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व दो बार की महिला विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी और आर वैशाली करेंगी। यह पहली बार है जब पुरुष वर्ग में भारत के दो खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे जिससे टूर्नामेंट में भारत के लिए पहला खिताब जीतने की उम्मीद बढ़ गई हैं।



### वैश्विक चुनौती से पार पाना मुश्किल

पुरुष वर्ग में कार्लसन और अमेरिका के ग्रैंडमास्टर नाकामुरा जबकि महिला वर्ग में चीन की जू वेनजुन और ली टिंगजी की महिला जोड़ी को मात देना आसान नहीं होगा। नाकामुरा विश्व रैंकिंग में कार्लसन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। इसके बाद गुकेश (विश्व नंबर तीन) और एरिगेसी (नंबर चार) का स्थान है। इन दोनों को स्थानीय नायक कार्लसन और नाकामुरा के डिफेंस को भेदने के लिए बहुत धैर्य और एकाग्रता की आवश्यकता होगी। गुकेश हालांकि विश्व चैंपियन बनने के बाद सर्वश्रेष्ठ लय में नहीं है।

### अब तक खिताब का इंतजार

यह टूर्नामेंट 2013 में पहली बार खेला गया था। उस समय पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद सहित इसमें 10 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शामिल थे। आनंद इस टूर्नामेंट में छह से अधिक बार खेले हैं और 2015 में उपविजेता रहे। उन्होंने हाल ही में कहा था कि उन्हें इस टूर्नामेंट में 'बहुत रोमांचक मुकाबला' देखने की उम्मीद है, क्योंकि गुकेश और एरिगेसी दोनों में प्रेरणा की कमी नहीं होगी और वे पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन को हराने के लिए दृढ़ संकल्पित होंगे। कार्लसन छह खिताब के साथ इस टूर्नामेंट के सबसे सफल खिलाड़ी है। प्रतियोगिता में चार भारतीयों की मौजूदगी भी देश में शतरंज के विकास को दर्शाती है।

## चिंतन

# दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनना भारत के लिए गर्व

जिसका इंतजार था, वो खबर आ ही गई। भारत आधिकारिक तौर पर जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अब केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी भारत से आगे हैं। अगर हम वर्तमान वृद्धि दर बनाए रखने में कामयाब रहते हैं तो 2028 तक भारत जर्मनी की 4.9 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत की जीडीपी 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2028 तक 5.58 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इसके बाद केवल अमेरिका 30.57 ट्रिलियन डॉलर और चीन 19.231 ट्रिलियन डॉलर ही भारत से आगे रहेंगे। नीति आयोग के सीईओ बी.वी. आर सुब्रह्मण्यम ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था उसकी विकास दर और आम आदमी के जेब का हिसाब-किताब बताती है। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड यानी आईएमएफ के आंकड़ों के अनुसार, भारत की नॉमिनल जीडीपी 4.187 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गई है, जो जापान की अनुमानित जीडीपी 4.186 ट्रिलियन डॉलर से थोड़ा ज्यादा है। भारत की यह उपलब्धि मजबूत घरेलू मांग, अनुकूल जनसांख्यिकीय रुझानों और नीतिगत सुधारों के कारण है। भारत की अर्थव्यवस्था 6-7 प्रतिशत की एनुअल ग्रोथ रेट बनाए हुए है। दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनना किसी उपलब्धि से कम नहीं है। इससे न केवल देश में रोजगार के संसाधानों में इजाफा होगा बल्कि भारत का अंतरराष्ट्रीय मंचों जैसे जी-20 और आईएमएफ में प्रभाव बढ़ेगा। फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट में और वृद्धि होगी, क्योंकि ग्लोबल कंपनियां भारत को एक आकर्षक बाजार के रूप में देख रही हैं। इससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे। भारत इस उपलब्धि के बाद ग्लोबल इकोनॉमिक लीडरशिप की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ गया है। भारत अगर 2028 तक जर्मनी को पीछे छोड़ देता है तो लीडरशिप और मजबूत होगी। यूएन की रिपोर्ट में भी कहा गया है कि भारत दुनियाभर में सबसे तेज गति से विकास कर रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था इस साल न केवल चीन बल्कि अमेरिका और यूरोप को पीछे छोड़ देगी। भारत की अर्थव्यवस्था इस साल 6.3 फीसदी की दर से बढ़ेगी। यह दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ज्यादा है। चीन की अर्थव्यवस्था 4.6, अमेरिका की 1.6, जापान की 0.7 और यूरोप की 1 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। असल में भारत की अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने में केंद्र सरकार की अनेक योजनाओं ने खास असर दिखाया है। डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने निवेश को आकर्षित किया और औद्योगिक विकास को बढ़ावा दिया है। युवा आबादी और तकनीकी प्रगति ने वैश्विक मंच पर देश की स्थिति को मज़बूत किया है। यह बात सही है कि हम विकास की लंबी छलांग लगे रहे हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ ऐसा है जो सोचने पर मजबूर करता है। 2024 के वैश्विक भूख सूचकांक में भारत 105वें स्थान पर रहा, जो दिखाता है कि देश में कुपोषण और भूख अभी भी गंभीर समस्याएं हैं। आय असमानता और बेरोजगारी की दर भी चिंता का विषय बनी हुई है। ऑक्सफैम की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 1 फीसदी सबसे अमीर लोग देश की 50 प्रतिशत से अधिक संपत्ति के मालिक हैं। यह आंकड़ा असमानता की गहरी खाई को दिखाता है। अगर इन तथ्यों पर ध्यान नहीं दिया गया तो विकास की इस रफ्तार का अंतिम छोर पर खड़े आम आदमी को कोई लाभ नहीं होगा।

# विद्यार्थी परिषद में व्यक्तित्व का निर्माण



विजन
चेतस सुखाड़िया

विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता अधिष्ठित जन आंदोलन की तरह विकसित हुआ। हमारे यहां कार्यकर्ता एक सामान्य विद्यार्थी के रूप में आता है, वहीं धीरे-धीरे कार्यकर्ता के स्वरूप में कार्यकर्ता विकास की प्रक्रिया में जुड़ जाता है। कार्यकर्ता विकास का मतलब एक वाक्य में कहा जाए तो कह सकते हैं कि कार्यकर्ता की विवेक बुद्धि का विकास। कार्यकर्ता को सही जीवन दृष्टि प्रदान करना ही कार्य की सफलता है। जाति, भाषा, प्रांत से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एकात्मता के लिए विद्यार्थी परिषद ने निरंतर प्रयास किए। परिषद कार्यकर्ताओं ने समरसता के भाव के साथ सामाजिक निष्ठा को परिश्रम पूर्वक व्यवहार में लाकर कई बार विघटनकारी व जातिवादी शक्तियों को परास्त किया है।

विद्यार्थी परिषद के कार्यक्रम, बैठक, अभ्यास मंडल, अभ्यास वर्ग, अधिवेशन यह सब उपक्रम से एक दिशा में चलने वाले कार्यकर्ताओं की श्रृंखला खड़ी होती है जिसके आधार पर लाखों छात्र अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ते हैं। ऐसे ही विद्यार्थी परिषद एक कार्यकर्ता अधिष्ठित जन आंदोलन की तरह विकसित हुआ। हमारे यहां कार्यकर्ता एक सामान्य विद्यार्थी के रूप में आता है, वहीं धीरे-धीरे कार्यकर्ता के स्वरूप में कार्यकर्ता विकास की प्रक्रिया में जुड़ जाता है। कार्यकर्ता विकास का मतलब एक वाक्य में कहा जाए तो कह सकते हैं कि कार्यकर्ता की विवेक बुद्धि का विकास।

कार्यकर्ता को सही जीवन दृष्टि प्रदान करना ही कार्य की सफलता है। अपने प्रमुख कार्यकर्ता को किसी एक कार्यकर्ता ने कहा कि आप दंगा, लड़ाई-झगड़ा, मारपीट या अन्य कोई शारीरिक काम मुझे बताइए परंतु यह कंधे के ऊपर के हिस्से का काम मत बताइये, बहुत तकलीफ होती है। मन में बड़ी अस्वस्थता होती है। प्रमुख कार्यकर्ता ने उस कार्यकर्ता से कहा कि देखो भाई, हमारा काम ही युवा विद्यार्थियों को सामाजिक स्थिति के बारे में अस्वस्थ करने का है, समाज की विषम परिस्थितियों के बारे में उसके मन में पीड़ा उत्पन्न करने का है। सामाजिक वेदना से जोड़ने का है। समाज की परिस्थितियों के बारे में उनके मन में पीड़ा होगी, तभी आगे चलकर सामाजिक उत्थान के किसी ना किसी काम में अपने आप को लगाएगा। आचार्य चाणक्य कहते थे कि जब हम अपने स्वयं की पीड़ा सहते हैं तो हमारा बल बढ़ता है और जब किसी और की पीड़ा सहते हैं तो हमारा आत्मबल बढ़ता है। विद्यार्थी परिषद का कार्य यही है। एक छात्रा कार्यकर्ता से बातचीत करते हुए किसी ने उसको पूछा कि विद्यार्थी परिषद में काम करने से तुम्हें क्या मिला तो उसने कहा पहले भिखारी सामने आता था तो थोड़ा असहज होती थी, घृणा होती थी लेकिन आज मन में प्रश्न उठता है कि इसकी स्थिति ऐसी क्यों है? पहले गंदा बच्चा देखती थी तो मुझे मन में तिरस्कार उत्पन्न होता था। आज उस बच्चे को गोद में उठा सकती हूं, उठाती भी हूं। यह परिवर्तन विद्यार्थी परिषद के कारण हुआ। पिछले दिनों हमने अखिल भारतीय स्तर पर सामाजिक अनुभूति नाम का कार्यक्रम पूरे देशभर में किया। इस कार्यक्रम के द्वारा विद्यार्थी परिषद के हजारों कार्यकर्ताओं ने देश के ग्रामीण व वनांचल क्षेत्र में जाते हुए समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों के साथ संवाद करते हुए उनकी समस्या, उनके प्रश्नों, उनके जीवन को समझने का प्रयास किया और साथ ही भारत के जनजीवन को एक सामान्य व्यक्ति के रूप में अनुभव करने का भी प्रयास किया। सबसे बड़ी बात है कि जिस सामाजिक संवेदना की अनुभूति हम हमारे कार्यकर्ताओं को कराना चाहते थे उसमें हम कई हद तक सफल हुए। समाज के प्रति उनके मन में एक संवेदना के भाव के साथ, वास्तव में ऐसे समाज जो पीड़ित, पतित, शोषित व वंचित है और पिछड़े वर्गों के साथ हमारे समाज के जनजाति बंधुओं के साथ स्वाभाविक ही मिलना हुआ, परिचय हुआ।

एक गांव में अपने कार्यकर्ता की एक वृद्ध महिला से मिले दो बेटे में से एक बेटे की एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। दूसरे बेटे की शादी हो गयी थी, वह अलग रहता था। आज वह महिला लोगों के कपड़े प्रेस करके अपना




गुजारा चला रही है। बड़े बेटे की विधवा पत्नी बीमा योजना की और विधवा पेंशन के सारे पैसे लेकर घर छोड़कर चली गई थी। उसी बूढ़ी मां ने सर्वे में गए कार्यकर्ताओं को पूछा कि आप इतनी धूप में आए हैं, आप लोगों ने कुछ खाना खाया है या नहीं? अपने कार्यकर्ताओं को उन्होंने खाना खिलाया, जब उनके घर की स्थिति व गरीबी देखकर एक रोटी खाकर वह कार्यकर्ता खड़े हो रहे थे तो बूढ़ी मां ने जबरदस्ती उनको बिठाकर ठीक से भोजन करवाया और कहा कि आप आराम से भोजन करो, मैं किसी आशा अपेक्षा से आपको यह भोजन नहीं करवा रही हूँ। ऐसे ही सामाजिक अनुभूति के दौरान एक और अनुभव - एक गांव में अपने ही बेटे ने अपनी बूढ़ी मां को घर के बाहर निकाल दिया था। आज भी वह बूढ़ी मां गांव के चौराहे के पास एक टूटी -फूटी झोपड़ी में रहती है और भीख मांग कर अपना जीवन यापन करती है। ग्रामीण सर्वे के दौरान अपनी एक छात्रा कार्यकर्ता उनको मिलने के लिए गई तब अपनी आपबीती सुनाते हुए वह वृद्ध मां कई समय तक रोती रही, अपने पास पर्स में रखे हुए कुछ पैसे लेने के लिए जब अपनी छात्रा कार्यकर्ता ने उन्हें आग्रह किया तो बड़े ही आग्रह के बाद उन्होंने उसे स्वीकृत किया। छात्रा कार्यकर्ताओं को अपने मन से भरपूर आशीर्वाद दिया और कहां कि तुम मेरी इस छोटी सी टूटी-फूटी कुटिया में आई तेरा और मेरा कोई भी संबंध नहीं है, न कोई परिचय है, न खून का कोई रिश्ता है फिर भी मेरी वेदना को आपने समझा। अनुभूति के दौरान ऐसे ही कई अनुभवों के कारण अपनी एक छात्रा कार्यकर्ता जिसकी पॉकेट मनी करीबन 4000 रुपये मासिक थी और मां को समझा-बुझाकर जो मिल जाते थे वह अलग। ऐसी छात्रा ने जब सामाजिक अनुभूति में गांव की व्यवस्था देखी, गांव की शिक्षा देखी, गांव के बच्चे देखे, गांव में चल रही नशावृत्ति देखी तो व्यथित हो गई। मेरे देश में, मेरे शहर के नजदीक के किसी एक गांव में ऐसी स्थिति है तो दूरदराज क्षेत्र में रहने वाले लोगों की स्थिति क्या होगी? उसी समय मन ही मन उस छात्रा ने संकल्प लिया कि अपनी पॉकेट मनी से कम से कम 50 प्रतिशत इन गरीब, पीड़ित, शोषित लोगों के बीच में कार्य करने के लिए, उनके उत्थान के लिए, उनके विकास के लिए खर्च करूंगी और आज वह कार्यकर्ता उस दिशा में कार्यरत भी है। विद्यार्थी परिषद का कार्य ही विजन देने का है। विद्यार्थी कार्यकर्ताओं के विजन को व्यापक बनाने का है। मित्रों, विद्यार्थी परिषद में हमें सामूहिक रूप से और व्यक्तिगत रूप से विजन तो मिलता ही है और वही विजन हमारे अंदर संक्रमित होते हुए हमारा मिशन बनता है, जिसके आधार पर हमारा वर्तन और व्यवहार और एक्शन बनता है। वास्तव में हमारे विजन को संतुलित करने का प्रयास विद्यार्थी परिषद में होता है। ऐसा हम सभी अनुभव करते होंगे। महिला विषयक दृष्टिकोण आज भी सहज रूप से समानता का नहीं है। 1990 के दशक में देश में आरक्षण विरोधी आंदोलन से माहौल बिगड़ रहा था। परिषद ने सामंजस्य बनाने का आह्वान किया। उस समय प्रमुख नेताओं ने कहा कि यह आंदोलन काफी प्रयास के बाद बढ़ नहीं पाया। विद्यार्थी परिषद में हमने छात्र-छात्रा कार्यकर्ता को समान समझा। एक अधिवेशन में एक महिला पत्रकार ने कहा कि छात्र संगठनों में छात्राओं का सबसे ज्यादा सहभाग विद्यार्थी परिषद में ही है, हमारा महिला विषयक दृष्टिकोण यह सम्यक है। परिषद में हर स्तर पर छात्राओं को बड़ी संख्या में तथा महत्वपूर्ण दायित्वों पर सहभागी करते हुए सामाजिक जीवन मे अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। जाति, भाषा, प्रांत से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एकात्मता के लिए विद्यार्थी परिषद ने निरंतर प्रयास किए। परिषद कार्यकर्ताओं ने समरसता के भाव के साथ अपनी सामाजिक निष्ठा को परिश्रम पूर्वक व्यवहार में लाकर कई बार ऐसे विघटनकारी व जातिवादी शक्तियों को परास्त किया है।

(लेखक अभाविप मध्यक्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## वट सावित्री व्रत विशेष

श्वेता गोयल



# वट की छांव में सौभाग्य और समृद्धि का संकल्प

वट सावित्री व्रत और सोमवती अमावस्या का 26 मई को एक दुर्लभ और अत्यंत पुण्यदायक संयोग बन रहा है। यह योग वर्षों में कभी-कभी बनता है और धार्मिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। जब अमावस्या सोमवार के दिन पड़ती है तो इसे 'सोमवती अमावस्या' कहा जाता है और ऐसे अवसर को विशेष फलदायी तथा मनोकामना पूर्ति करने वाला माना जाता है। इस दिन का व्रत, पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठान न केवल जीवन में सौभाग्य, संतान सुख और समृद्धि लाते हैं बल्कि यह पारिवारिक कल्याण के लिए भी अत्यंत प्रभावशाली होता है। वट सावित्री व्रत और सोमवती अमावस्या का संयोग एक अत्यंत दुर्लभ अवसर है, जिसे श्रद्धा और विधिपूर्वक मनाने से जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इस दिन किए गए व्रत, पूजा और उपाय अनेक बाधाओं का निवारण करते हैं और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। भारतीय संस्कृति में वट सावित्री व्रत का अत्यंत पावन महत्व है। यह व्रत विवाहित स्त्रियों द्वारा अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और दांपत्य जीवन की स्थिरता के लिए किया जाता है। धार्मिक ग्रंथों और पुराणों में इसका उल्लेख विशेष रूप से किया गया है। मान्यता है कि इसी दिन सतयुग में माता सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लिए थे। यह व्रत नारी शक्ति, संकल्प और श्रद्धा का प्रतीक बन चुका है। वट वृक्ष, जिसे 'अक्षयवट' भी कहा जाता है, उस अद्भुत स्थल का प्रतीक बन गया है, जहां यह चमत्कारी घटना घटित हुई थी। अतः इस दिन वट वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व है। व्रत के दिन महिलाएं प्रातःकाल स्नान करके शुद्ध वस्त्र धारण करती हैं और निर्जल या फलाहार व्रत का संकल्प लेती हैं। वट वृक्ष के नीचे जाकर उसकी पूजा करती हैं, जल अर्पित करती हैं, रोली, चंदन, चावल से तिलक करती हैं और वृक्ष की जड़ों में कच्चा सूत लपेटकर सात बार परिक्रमा करती हैं। यह परिक्रमा हमेशा दक्षिणावर्त दिशा में की जाती है क्योंकि वामावर्त परिक्रमा को अशुभ माना गया है। परिक्रमा करते समय महिलाएं वट सावित्री कथा का श्रवण करती हैं, जिसमें माता सावित्री की तपस्या, उनकी निष्ठा, धैर्य और पतिव्रता धर्म का वर्णन होता है। कथा के माध्यम से यह संदेश दिया जाता है कि नारी संकल्प शक्ति से किसी भी संकट को पार कर सकती है। इस व्रत के दौरान सोलह श्रृंगार करना भी अत्यंत शुभ माना जाता है। यह श्रृंगार न केवल बाह्य सौंदर्य का प्रतीक होता है बल्कि सौभाग्य और मनोकामना पूर्ति का सूचक भी है। महिलाएं सिंदूर, चूड़ियां, बिंदी, मेहंदी, आलता आदि से स्वयं को सजाती हैं और पति के सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। श्रृंगार की यह परंपरा इस व्रत को और अधिक आकर्षक बनाती है तथा महिलाओं के मन में एक नवीन ऊर्जा का संचार करती है और यह दिन नारी सशक्तिकरण एवं पारिवारिक जीवन में संतुलन और सौहार्द का प्रतीक बन जाता है। इस बार की विशेषता यह है कि वट सावित्री व्रत सोमवती अमावस्या के दिन पड़ रहा है। सोमवती अमावस्या का योग जब वट सावित्री व्रत के साथ आता है तो इसका महत्व कई गुना बढ़ जाता है। धर्मशास्त्रों के अनुसार सोमवती अमावस्या का व्रत करने से पितृ दोष समाप्त होता है, पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है और घर में सुख-शांति का वास होता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन माता लक्ष्मी को पीले रंग की 11 कौड़ियां अर्पित करनी चाहिएं। यदि पीली कौड़ियां न मिलें तो सफेद कौड़ियां हल्दी से रंगकर अर्पित की जा सकती हैं। इस उपाय से धन संबंधित समस्याओं का समाधान होता है और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। इसी प्रकार यदि वैवाहिक जीवन में तनाव है या पति-पत्नी के बीच मनमुटाव बना रहता है तो इस दिन वट वृक्ष के नीचे दीपक जलाकर माता लक्ष्मी की पूजा करें, प्रणम्य मंत्रों का जाप करें और पांच-पांच मीठे नींबू वट वृक्ष को अर्पित करते हुए 11 बार परिक्रमा करें। इस उपाय से वैवाहिक जीवन में सामंजस्य बढ़ता है और पारिवारिक तनाव दूर होता है। यह व्रत नारी सशक्तिकरण और पारिवारिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का प्रतीक है। जिस प्रकार सावित्री ने अपने पति के लिए मृत्यु के देवता यमराज से संघर्ष करके उन्हें पुनर्जीवन दिलाया, उसी प्रकार आज की नारी भी अपने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रयत्नशील रहती है। यह व्रत स्त्रियों को यह प्रेरणा देता है कि श्रद्धा, संकल्प और निष्ठा से किसी भी कठिन परिस्थिति को बदला जा सकता है। यह दिन महिलाओं को उनकी शक्ति, करुणा और श्रद्धा का पुनः स्मरण कराता है, जिससे वे अपने जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह के साथ आगे बढ़ सकें।

(लेखिका शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# ज्ञान का अभिषेक



संकलित
दर्शन

अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो।


# समस्याएं तो आती रहेंगी, हमें रुकना नहीं चाहिए



संकलित
प्रेरणा

एक व्यक्ति बहुत दुखी था। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी, पूरे घर की जिम्मेदारी उस पर आ गई थी। बहुत मेहनत करने के बाद भी उसकी समस्याएं खत्म नहीं हो रही थीं। वह निराश रहने लगा था। एक दिन उस व्यक्ति को एक विद्वान संत मिले। व्यक्ति ने संत से कहा कि मैं बहुत परेशान हो गया हूं। मुझे अपना शिष्य बना लीजिए।संत ने कहा कि ठीक है, तुम शिष्य बन जाना, लेकिन पहले अपनी परेशानी बताओ। शिष्य ने कहा कि गुरु जी मेरे जीवन में एक समस्या खत्म नहीं होती है और उससे पहले ही दूसरी सामने आ जाती है। इस कारण मैं बहुत दुखी हूं। किसी भी काम में सफलता नहीं मिल पाती है, घर की भी समस्याएं बनी रहती हैं। गुरु ने कहा कि तुम मेरे साथ चलो। वह व्यक्ति संत के साथ चल दिया। कुछ देर में संत और शिष्य पास की नदी के किनारे पहुंच गए। किनारे पर पहुंचकर गुरु ने कहा कि हमें ये नदी पार करनी है। इतना कहकर संत किनारे पर ही खड़े हो गए। शिष्य भी गुरु के साथ खड़ा रहा। कुछ देर बाद शिष्य ने कहा कि हमें नदी पार करनी है तो हम यहां क्यों खड़े हैं? गुरु ने कहा कि हम इस नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, जब ये सूख जाएगी, हम इसे आसानी से पार कर लेंगे। ये बात सुनकर शिष्य बहुत हैरान हो गया। वह बोला कि गुरु जी ये कैसी बात कर रहे हैं? नदी का पानी कैसे और कब सूखेगा। हमें नदी को इसी समय पार करनी होगी। संत ने कहा कि मैं तुम्हें यही बात समझाना चाहता हूं। जीवन में भी समस्याएं आती-जाती रहेंगी। हमें सकारात्मक रहना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नशा बनाता है हैवान

नशा किस तरह किसी व्यक्ति को हैवान बना देता है, इसके बारे में हम खबरों के जरिए भी जानते हैं। इन खबरों में इनसानियत को शर्मसार करने की हरकतों या अपराध का जिक्र होता है। कभी नशे की खातिर कोई अपनी मां की, कोई बाप की, कोई भाई की तो कभी किसी और की हत्या कर देता है। नशा बल-बुद्धि, शरीर और परिवार के लिए घातक होता है। नशा इनसान को हैवान भी बना देता है, हैवानियत के कारण नशेड़ी इनसान अपने घर-परिवार के सदस्यों के साथ, यहां तक कि अपने बच्चों के साथ भी क्रूरता भरा व्यवहार करने से गुरेज नहीं करता है। मां-बाप अपने बच्चों को लाड़ प्यार से पाल कर उनके भविष्य के लिए सुनहरे सपने संजोते हैं, लेकिन जब कोई बच्चा बचपन या जवानी की दहलीज पर पांव रखते ही नशे के दलदल में धंसना शुरू होता है, तो उन्हें बड़ी परेशानी होती है। *- विनय पटेल, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# अमेरिका के साथ परमाणु समझौता नहीं करेगा ईरान

ईरान ने स्पष्ट कहा है कि अगर अमेरिका उसके यूरेनियम संवर्धन को रोकना चाहता है तो उसके साथ कोई परमाणु समझौता नहीं होगा। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने इटली की राजधानी रोम में ईरान और अमरीका के प्रतिनिधिमंडलों के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के पांचवें दौर से पहले सरकारी आईआरआईबी टीवी के साथ एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि हमारे बीच अभी भी बुनियादी मतभेद मौजूद हैं। अमेरिकी पक्ष ईरान में यूरेनियम संवर्धन में विश्वास नहीं करता है। अगर यह उनका उद्देश्य है, तो कोई समझौता नहीं होगा। अराघची ने अमरीकी अधिकारियों की हाल की उन मांगों के संदर्भ में यह टिप्पणी की, जिसमें कहा गया था कि वह चाहता है कि ईरान अपनी धरती पर यूरेनियम संवर्धन को पूरी तरह से रोक दे। उन्होंने कहा कि यदि वह चाहते हैं कि ईरान परमाणु हथियारों की ओर न बढ़े, तो यह हासिल कियाजा सकता है। हम परमाणु हथियार नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 2015 में ईरान और कई अन्य देशों के बीच हस्ताक्षरित परमाणु समझौता अब प्रभावी नहीं है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि समझौता खत्म हो गया है तथा औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना के रूप में जाना जाने वाला समझौता फिर से शुरू किया जा सकता है।



## ऑफ बीट

# ऐसा जीवाणु जो अस्पताल के प्लास्टिक पर रहता है निर्भर

हाल के वर्षों में सूक्ष्मजीव विज्ञानियों ने विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक को तोड़ने में सक्षम एक ऐसे जीवाणु की खोज की है, जो भविष्य में प्लास्टिक के निपटान के लिए अधिक टिकाऊ मार्ग की ओर संकेत करता है। ये 'प्लास्टिक खाने वाले' सूक्ष्मजीव एक दिन लैंडफिल और महासागरों में जमा कचरे के पहाड़ों को कम करने में मदद कर सकते हैं। गलत वातावरण में, वे गंभीर समस्याएं पैदा कर सकते हैं। अस्पतालों में टांके (खास तौर पर घुलने वाले टांके), घाव की ड्रेसिंग और प्रतिरोपण जैसी चीजों में प्लास्टिक का व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है। तो क्या अस्पतालों में पाए जाने वाले जीवाणु प्लास्टिक को तोड़कर खा सकते हैं? हमें यह जानकर आश्चर्य हुआ कि अस्पतालों में पाए जाने वाले कुछ जीवाणु जैसे कि स्यूडोमोनास एरुगिनोसा, प्लास्टिक को विघटित करने में सक्षम हो सकते हैं। पी एरुगिनोसा जीवाणु के कारण हर साल दुनिया भर में लगभग 5,59,000 लोगों की मौत होती है और इनमें अधिकतर संक्रमण अस्पतालों में फैलता है। वेंटिलेटर पर रहने वाले अथवा सर्जरी या जलने से खुले घाव वाले मरीजों को पी एरुगिनोसा संक्रमण का विशेष खतरा होता है। साथ ही, कैथेटर वाले मरीजों को भी पी एरुगिनोसा संक्रमण का खतरा होता है।



## ट्रेंड

### विकास की गति पर जोर




मैंने विकास की हमारी गति को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया और यह तय किया कि डबल इंजन वाली सरकार का लाभ लोगों तक प्रभावी तरीके से पहुंचे। स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवा, युवा सशक्तिकरण, कृषि, प्रौद्योगिकी और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत तालमेल बनाने के बारे में बात की।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भारतीयों की ताकत



भारत जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। नीति आयोग के सीईओ बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम ने सही कहा है, यह ऐतिहासिक उपलब्धि 1.4 अरब भारतीयों की ताकत, लचीलापन और एकता का प्रमाण है।
-देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र

### शहद उत्पादन में वृद्धि



आज से 10-11 साल पहले भारत में शहद उत्पादन एक साल में करीब 70-75 हज़ार मीट्रिक टन होता था। आज यह बढ़कर करीब सवा लाख मीट्रिक टन हो गया है। यानि शहद उत्पादन में 60% की वृद्धि हुई है।
-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

### पुंछ में सब एक समान



पुंछ में पाकिस्तानी हमलों से प्रभावित मंदिर, गुरुद्वारा और मदरसे में गया। यहां हर धर्म के लोग साथ रहते हैं, साथ दुख सहते हैं। हमें बांटने और तोड़ने की कोशिश करने वाले कभी सफल नहीं होंगे।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष मकवाना ने कहा

# जातिगत गणना विभाजनकारी नहीं, सामाजिक न्याय बढ़ेगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने जातिगत गणना से समाज में खाई पैदा होने के आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा है कि एकत्र किए गए आंकड़े



नीतिगत निर्णय लेने में आधार के रूप में काम आएंगे। इससे सामाजिक न्याय को मजबूती मिलेगी। हाशिए पर पड़े पिछड़े समुदायों के उत्थान में मदद मिलेगी। एनडीए सरकार की ओर से अगली जनगणना में जातिगत गणना को शामिल किए जाने का मकवाना ने स्वागत कहा है।

### समाज में खाई पैदा होने के आरोपों को खारिज किया



#### यूपीए सरकार ने कभी जारी नहीं किया

यूपीए सरकार ने 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना करवाई थी, जो 1931 के बाद से देश भर में जाति के आंकड़े एकत्र करने की पहली कोशिश थी। हालांकि, 2011 की जनगणना के जातिगत आंकड़े कभी भी पूरी तरह से जारी या उपयोग नहीं किए गए। मकवाना ने कहा कि इससे जाति के आधार पर कोई विभाजन पैदा नहीं होगा। बल्कि, इससे सामाजिक न्याय मजबूत होगा।

#### इससे बाबा साहेब के सपने पूरे होंगे

उन्होंने कहा कि यह पिछड़ी जातियों का उत्थान करेगा और एससी के लिए बाबासाहेब आंबेडकर के सपने के सभी तीन पहलुओं सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक को मजबूत करेगा। इससे मुद्रा योजना जैसी योजनाओं के लाभार्थियों को बेहतर तरीके सुविधाएं दी जा सकेंगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि जो लोग वंचित रह गए हैं, उन्हें अंततः उनका हक मिले।

#### डेटा संग्रह में हमारी कोई भूमिका नहीं

उन्होंने कहा किडेटा संग्रह में हमारी कोई भूमिका नहीं है। लेकिन डेटा सामने आने के बाद, आयोग की यह सुनिश्चित करने में भूमिका होगी कि अनुसूचित जातियों को अनुपात के आधार पर उनका उचित हिस्सा मिले। इस लिहाज से, यह सामाजिक न्याय की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसकी सराहना करते हुए एनसीएससी अध्यक्ष ने कहा कि जाति जगणना पीएम नरेंद्र मोदी के समाज के अंतिम व्यक्ति के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

## पहले इलेक्ट्रिक इंजन को भी हरी झंडी दिखाएंगे

# पीएम मोदी गुजरात में 77,000 करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार से शुरू हो रहे गुजरात के अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान राज्य में



77,400 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। इस संबंध में जारी एक बयान के अनुसार, मोदी सोमवार को लोकोमोटिव विनिर्माण संयंत्र राष्ट्र को समर्पित करेंगे और इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव को हरी झंडी भी दिखाएंगे। इसके बाद वह भुज जाएंगे और 53,400 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। वह दोनों स्थानों पर सभाओं को संबोधित करेंगे।

#### शहरी विकास की 20वीं वर्षगांठ के समारोह में भाग लेंगे

बयान में कहा गया कि मंगलवार को प्रधानमंत्री पूर्वाह्न करीब 11 बजे गुजरात शहरी विकास की 20वीं वर्षगांठ के समारोह में भाग लेंगे और शहरी विकास वर्ष 2025 की शुरुआत करेंगे। दाहोद संयंत्र में घरेलू उद्देश्यों और निर्यात के लिए 9000 एचपी के इलेक्ट्रिक इंजनों का निर्माण किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी संयंत्र से निर्मित पहले इलेक्ट्रिक इंजन को भी हरी झंडी दिखाएंगे। ये इंजन भारतीय रेल की माल ढुलाई क्षमता बढ़ाने में मदद करेंगे। ये इंजन पुनर्योजी ब्रेकिंग प्रणाली से लैस होंगे और इन्हें ऊर्जा की खपत को कम करने के लिए तैयार किया जा रहा है जिससे पर्यावरणीय स्थिरता में योगदान मिलेगा। प्रधानमंत्री वेरावल और अहमदाबाद के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस और वलसाड तथा दाहोद स्टेशनों के बीच एक एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री आमान परिवर्तित कटोसन-कलोल खंड का भी उद्घाटन करेंगे और इस पर एक मालगाड़ी को हरी झंडी दिखाएंगे।

## खबर संक्षेप

### हिमाचल में 1 जून से प्लास्टिक पूरी तरह बैन

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 1 जून से सभी तरह के प्लास्टिक पर पाबंदी लग जाएगी। दुकानदार और



व्यावसायिक प्रतिष्ठान में इनका प्रयोग नहीं कर सकेंगे। ये बैग नाइलोन या अन्य प्लास्टिक पदार्थ जैसे पॉली-विनायल-कार्बोहाइड्रेटस पॉलीप्रापाइलीन और पॉली-स्टाइरीन से तैयार होते हैं। प्रदेश के वातावरण में इनके नष्ट नहीं होने के कारण इन परबैन लगाया जा रहा है।

### केंद्र की गेहूं खरीद 29.7 मिलियन टन के पार

**नई दिल्ली।** केंद्र ने अप्रैल से जून तक चलने वाले 2025-26 रबी मार्केटिंग सीजन के दौरान अब तक



29.7 मिलियन टनसे अधिक गेहूं की खरीद की है। आंकड़ों के मुताबिक, 2021-22 सीजन के बाद से यह सबसे अधिक खरीद है। इस साल गेहूं की खरीद पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 13.5 प्रतिशत अधिक है। राज्यों में खरीद पूरी होने के करीब है।

### ओडिशा के कुलडीहा में 5 शिकारी गिरफ्तार

**बालासोर।** ओडिशा के कुलडीहा क्षेत्र के एक जंगल से पांच शिकारियों को एक देशी बंदूक,



धनुष और तीर के साथ गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को जब शिकारी कथित तौर पर जंगल के अंदर लगाए गए एक ट्रैप कैमरे को चुराने की कोशिश कर रहे थे और उनकी तस्वीरें अन्य कैमरे में कैद हो गईं। ट्रैप कैमरे वन्यजीवों की तस्वीरों को कैद करने के लिए लगाए जाते हैं।

### प्रतिस्पर्धी के बावजूद भारत अवसरों की भूमि

**जमशेदपुर।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को कहा कि मौजूदा प्रतिस्पर्धी विश्व परिदृश्य के



बावजूद भारत अवसरों की भूमि है। वे जमशेदपुर में 'सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' के कौस्तुभ जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में अपनी बौद्धिक क्षमता, प्रौद्योगिकी और युवा एवं दुनिया का नेतृत्व करने की पर्याप्त क्षमता है।

### एएसआई, एसजेटीए करेंगे पुरी मंदिर को संरक्षित

**भुवनेश्वर।** पुरी में स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) और भारतीय पुरातत्व



सर्वेक्षण ने 12वीं शताब्दी के मंदिर की स्थापत्य विरासत व संरचनात्मक अखंडता को संरक्षित करने सहयोगात्मक पहल की है। एसजेटीए के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाढ़ी और एएसआई के महानिदेशक यदुवेंद्र सिंह रावत ने संरक्षण प्रयासों पर चर्चा की।

## वैश्विक मंच पर देश के संकल्प, साहस और बढ़ती ताकत का प्रदर्शन

*रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के माध्यम से राष्ट्र को किया संबोधित*

# ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ सैन्य मिशन नहीं यह बदलते भारत की तस्वीर : मोदी

## भारतीय सेना के पराक्रम की सराहना, बोले- आतंकवाद के खिलाफ कड़ा प्रहार किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' महज एक सैन्य मिशन नहीं है, बल्कि यह "बदलते भारत की तस्वीर" है जो वैश्विक मंच पर देश के संकल्प, साहस और बढ़ती ताकत को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के माध्यम से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, "आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, गुस्से से भरा हुआ है और दृढ़ संकल्पित है।" मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया और इसे भारत की बढ़ती ताकत एवं उद्देश्य की स्पष्टता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा, " 'ऑपरेशन सिंदूर' ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में नए आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार किया है।" उन्होंने सीमा पार आतंकवादी ढांचे पर भारतीय सेना द्वारा किए गए सटीक हमलों को "असाधारण" बताकर उनकी प्रशंसा की। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि यह 'ऑपरेशन' एक बार की सैन्य कार्रवाई नहीं है, बल्कि यह बदलते एवं दृढ़ संकल्पित भारत का प्रतिबिंब है। उन्होंने 'ऑपरेशन' के देश भर में पड़े प्रभाव पर बात करते हुए कहा, "ऑपरेशन सिंदूर हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है।" 'ऑपरेशन' की सफलता के बाद लोगों ने सशस्त्र बलों के सम्मान में सोशल मीडिया पर देशभक्ति की कविताएं साझा कीं, बच्चों ने चित्रकारी की और विशाल तिरंगा यात्रा निकालने जैसे कई तरह के कदम उठाए गए।



### हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा किया

पीएम ने कहा कि आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने सीमा पार के आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया, वो अद्भुत है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने दुनिया-भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है।

### महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पहली बार बस पहुंची

पीएम ने कहा कि मैं आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताना चाहता हूं, जहां पहली बार एक बस पहुंची। इस दिन का वहां के लोग वर्षों से इंतजार कर रहे थे। और जब गांव में पहली बार बस पहुंची तो लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर उसका स्वागत किया। बस को देखकर लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं था। गांव में पक्की सड़क थी, लोगों को जरूरत थी, लेकिन पहले कभी यहां बस नहीं चल पाई थी। क्योंकि ये गांव माओवादी हिंसा से प्रभावित था। यह जगह है महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में, और इस गांव का नाम है, काटेझरी। अब यहां हालात तेजी से सामान्य हो रहे हैं। माओवाद के खिलाफ सामूहिक लड़ाई से अब ऐसे क्षेत्रों तक भी बुनियादी सुविधाएं पहुंचने लगी है।

### ऑपरेशन सिंदूर ने लोगों में देशभक्ति की भावना जगाई

पीएम ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने देश के लोगों को इतना प्रभावित किया है कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। बिहार के कटिहार में, यूपी के कुशीनगर में, और भी कई शहरों में, उस दौरान जन्म लेने वाले बच्चों का नाम 'सिंदूर' रखा गया है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सोशल मीडिया पर कविताएं लिखी जा रही थीं, संकल्प गीत गाये जा रहे थे। छोटे-छोटे बच्चे पेंटिंग्स बना रहे थे जिनमें बड़े संदेश छुपे थे। देश के कई शहरों में, गावों में, छोटे-छोटे कस्बों में, तिरंगा यात्राएं निकाली गई। हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेना, उसके प्रति वंदन-अभिनंदन करने निकल पड़े। कितने ही शहरों में सिविल डिफेंस वॉलेंटियर बनने के लिए बड़ी संख्या में युवा एकजुट हो गए, और हमने देखा, चंडीगढ़ के वीडियोज तो काफी वायरल हुए थे।

### छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित इलाकों में अब शिक्षा बढ़ रही

पीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ के बस्तर के बच्चों में साइंस का पैशन है। वो स्पोर्ट्स में भी कमाल कर रहे हैं। ऐसे प्रयासों से पता चलता है कि इन इलाकों में रहने वाले लोग कितने साहसी होते हैं। इन लोगों ने तमाम चुनौतियों के बीच अपने जीवन को बेहतर बनाने की राह चुनी है। मुझे यह जानकार भी बहुत खुशी हुई कि 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में दंतेवाड़ा जिले के नतीजे बहुत शानदार रहे हैं। करीब 95% के साथ ये जिला 10वीं के नतीजों में टॉप पर रहा। वहीं 12वीं की परीक्षा में इस जिले ने छत्तीसगढ़ में छठा स्थान हासिल किया। सोचिए, जिस दंतेवाड़ा में कभी माओवाद चरम पर था, वहां आज शिक्षा का परचम लहरा रहा है। ऐसे बदलाव हम सभी को गर्व से भर देते हैं।

### गुजरात में पांच साल में शेरों की संख्या बढ़ी


पीएम ने कहा कि शेरों से जुड़ी एक बड़ी अच्छी खबर है। पिछले केवल पांच सालों में गुजरात के गिर में शेरों की आबादी 674 से बढ़कर 891 हो गई है। लॉयन सेंसस के बाद सामने आई शेरों की ये संख्या बहुत उत्साहित करने वाली है। साथियों, आप में से बहुत से लोग यह जानना चाह रहे होंगे कि आखिर ये एनिमल सेंसस होती कैसे है। ये एक्सरसाइज बहुत ही चुनौतीपूर्ण है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि लॉयन सेंसस 11 जिलों में, 35 हजार वर्ग किलोमीटर के दायरे में की गई थी। सेंसस के लिए टीमों ने चौबीसों घंटे इन क्षेत्रों की निगरानी की। पूरे अभियान में वैरिफिकेशन और क्रॉस वैरिफिकेशन दोनों किए गए। इससे पूरी बारीकी से शेरों की गिनती का काम पूरा हो सका। कुछ दशक पहले गिर में हालात बहुत चैलेंजिंग थे। लेकिन वहां के लोगों ने मिलकर बदलाव लाने का बीड़ा उठाया। वहां लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के साथ ही ग्लोबल बेस्ट प्रेक्टिसेज को भी अपनाया गया।

## आरएसएस प्रमुख बोले, ताकत को सद्गुणों और नीतिपरायणता के साथ जोड़ा जाना चाहिए

# भारत को इतना शक्तिशाली बनाएं कि कई ताकतें मिलकर भी उसे हरा न सकें : भागवत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदू समाज में एकता और भारत को सैन्य शक्ति एवं अर्थव्यवस्था की दृष्टि से इतना शक्तिशाली बनाने का आह्वान किया है कि



"कई शक्तियां एक साथ आकर" भी इस पर "जीत" हासिल न कर सकें। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ताकत को सद्गुणों और नीतिपरायणता के साथ जोड़ा जाना चाहिए क्योंकि "मात्र पाशविक शक्ति" दिशाहीन हो सकती है और "घोर हिंसा" को जन्म दे सकती है। उन्होंने आरएसएस से जुड़ी साप्ताहिक पत्रिका पाञ्चजन्य के ताजा संस्करण में प्रकाशित साक्षात्कार में कहा कि भारत के पास शक्तिशाली होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि वह अपनी सभी सीमाओं पर "बुरी ताकतों की दुष्टता देख रहा है।" यह साक्षात्कार लगभग दो महीने पहले बेंगलुरू में आरएसएस की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के बाद किया गया।

#### हमें बल संपन्न होना ही पड़ेगा

राष्ट्रीय सुरक्षा, सैन्य शक्ति और आर्थिक शक्ति पर संघ के दृष्टिकोण के बारे में पूछे जाने पर भागवत ने कहा, "हमें बल संपन्न होना ही पड़ेगा। संघ में प्रार्थना की पंक्ति ही है-'अजय्यां च विश्वस्य देहीश शक्तिम्' (हमें इतनी शक्ति दीजिए कि हमें विश्व में कोई न हरा सके)।" उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। भागवत ने कहा, "अपना स्वयं का बल ही वास्तविक बल है। सुरक्षा के मामले में हम किसी पर निर्भर न हों, हम अपनी सुरक्षा स्वयं कर लें।

#### हमारे पास कोई और विकल्प नहीं

सारी दुनिया मिलकर भी हमें जीत न सके, इतना सामर्थ्य संपन्न हमें होना ही है।" उन्होंने कहा, "विश्व में कुछ ऐसी दुष्ट शक्तियां हैं जो स्वभाव से आक्रामक हैं। हमारे पास कोई और विकल्प नहीं है। हमें शक्ति संपन्न होना ही पड़ेगा क्योंकि हम अपनी सभी सीमाओं पर दुष्ट लोगों की दुष्टता देख रहे हैं।" भागवत ने कहा, "सज्जन व्यक्ति केवल सज्जनता के कारण सुरक्षित नहीं रहता। सज्जनता के साथ शक्ति चाहिए। केवल अकेली शक्ति दिशाहीन होकर हिंसा का कारण बन सकती है इसलिए उसके साथ सज्जनता भी चाहिए।'

## अपहरण ने खोला तस्करी का राज

# एक्सरे हुआः दुबई से लौटे चार युवकों के पेट से निकला सोना

एजेंसी ⏭ मुरादाबाद

यूपी के मुरादाबाद में दिल्ली-लखनऊ हाइवे पर पुलिस ने बदमाशों से जिन चार युवकों को छुड़ाया था, उनके पेट में सोना होने की पुष्टि शनिवार को हो गई। दरअसल, शुक्रवार को दुबई और सऊदी से लौटे छह युवकों और कार चालक का अपहरण हुआ था, जिन्हें पुलिस ने मुठभेड़ के बाद मुक्त कराया था। उधर, जिला अस्पताल में देर रात पुलिस और डॉक्टरों की टीम ने

- डॉक्टरों की टीम ने युवकों के पेट से 9 कैप्सूल निकाले



युवकों के पेट से 9 कैप्सूल निकलवा लिए हैं। अब पुलिस इस गुत्थी को भी सुलझाने में जुट गई है कि आखिर ये युवक कस्टम को चकमा देकर कैसे आए? रामपुर के टांडा थाना क्षेत्र के रहने वाले नावेद और जाहिद सऊदी से और शाने आलम, मुतल्लिब, अजरूद्दीन, जुल्फिकार दुबई से शुक्रवार को दिल्ली एयरपोर्ट से घर लौट रहे थे।

## बस से 'मणिपुर' शब्द हटाने का विरोध

# राजभवन की घेराबंदी करने जा रहे लोग पुलिस से भिड़े

एजेंसी ⏭ इंफाल

मणिपुर में रविवार को उस समय तनाव बढ़ गया जब प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के



बीच झड़प उस वक्त हुई जब प्रदर्शनकारी राज्य परिवहन की एक बस से 'मणिपुर' शब्द हटाए जाने के विरोध में राजभवन की घेराबंदी करने जा रहे थे। कोऑर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटेग्रिटी के आह्वान पर बड़ी संख्या में लोग ख्वैराम्बंद बाजार में एकत्र हुए और रैली निकाल कर राजभवन की ओर बढ़ने लगे। सुरक्षाबलों ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इस दौरान दोनों पक्षों में झड़प हो गई।

#### सुरक्षाबलों ने आंसू गैस के गोले छोड़े

राजभवन से लगभग 150 मीटर पहले कंगला गेट पर सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के कई गोले छोड़े। एक अस्पताल अधिकारी ने बताया कि इस झड़प में घायल हुए 5 प्रदर्शनकारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## तिरंगा यात्रा निकाली




गुवाहाटी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुवाहाटी में भारतीय सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए आयोजित 'तिरंगा यात्रा' में हिस्सा लिया।

## व्यापार समाचार

# विदेशी कोषों के प्रवाह से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह कई वृहद आर्थिक आंकड़ों की घोषणाओं, वैश्विक रुख और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। वैश्विक अनिश्चितताओ के बीच बीते सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार गिरावट में रहे थे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, " वैश्विक और घरेलू घटनाक्रमों की वजह से बीते सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार का प्रदर्शन सुस्त रहा है। वैश्विक



- वृहद आर्थिक आंकड़े, वैश्विक रुझान का भी पड़ेगा असर
- बीते सप्ताह शेयर बाजार का प्रदर्शन सुस्त रहा

मोर्चे पर अमेरिकी बांड प्रतिफल में बढ़ोतरी और अमेरिका के बढ़ते कर्ज के बोझ को लेकर चिंताओं के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की निकासी बढ़ी।

***बाजार की धारणा प्रभावित होगी :*** *मिश्रा ने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी बांड बाजार के घटनाक्रम, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के ब्योरे और अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता से भी बाजार की धारणा प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि मई के डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान और कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजों के अंतिम दौर का भी बाजार पर प्रभाव पड़ेगा।*

***बजाज ऑटो व अरविंदो फार्मा के आएगे नतीजे :*** *सप्ताह के दौरान बजाज ऑटो, अरविंदो फार्मा और आईआरसीटीसी जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे आने हैं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 609.51 अंक नीचे आया। वहीं निफ्टी 166.65 अंक के नुकसान में रहा।*

### इस सप्ताह आएंगे चार मुख्य कंपनियों के आईपीओ निर्गम से 6,600 करोड़ रुपये जुटने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** यह सप्ताह आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बाजार के लिए व्यस्त रहने वाला है। सप्ताह के दौरान चार मुख्य मंच के आईपीओ आने हैं। इनमें लीला पैलेस होटल्स एंड रिजॉर्ट्स की परिचालक श्लॉस बेंगलूर लिमिटेड और एजिस वोपैक टर्मिनल्स की सार्वजनिक शेयर बिक्री शामिल हैं। इन आईपीओ से सामूहिक रूप से 6,600 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटने की उम्मीद है। सप्ताह के दौरान जिन दो अन्य कंपनियों के आईपीओ आने हैं उनमें प्रोस्टार्म इन्फो सिस्टम्स और स्कोडा ट्यूब्स शामिल हैं। इसके अलावा 28 मई को बोराना वीव्स और 29 मई को बेलराइज इंडस्ट्रीज के शेयर सूचीबद्ध होंगे। 2025 में आईपीओ का बाजार सुस्त रहा है और अभी तक सिर्फ 12 कंपनियां शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुई हैं। वैश्विक और घरेलू कारकों की वजह से शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव से आईपीओ बाजार में सुस्ती रही है। इससे पहले 2024 में कंपनियों ने 91 आईपीओ के जरिये सामूहिक रूप से 1.6 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। एजिस लॉजिस्टिक्स लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी एजिस वोपैक टर्मिनल्स का लक्ष्य आईपीओ के तहत नए शेयर जारी कर 2,800 करोड़ रुपये जुटाने का है।राशि का इस्तेमाल कंपनी कर्ज के भुगतान के लिए करेगी। इस आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 223 से 235 रुपये प्रति शेयर रखा गया है। कंपनी का आईपीओ 26 मई को खुलकर 28 मई को बंद होगा।

## शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में गैस रिसी

# लोगों में मची अफरा-तफरी मरीजों को लेकर भागे लोग

एजेंसी ⏭ शाहजहांपुर

यूपी के शाहजहांपुर स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर की ओटी में केमिकल गिरने के बाद गैस फैलने से भगदड़ मच गई। मरीज और तीमारदार सुरक्षित स्थान की ओर भागने लगे। भगदड़ के दौरान एक गंभीर मरीज के मरने की बात सामने आई थी, लेकिन डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने किसी की मौत की बात से इनकार कर दिया है। घटना रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे की है। ट्रामा सेंटर की ओटी में



उपकरणों को सैनेटाइज किया जा रहा है। इस दौरान फॉर्मलिन केमिकल जमीन में गिरने से गैस पैदा हुई होगी। एसी-पंखे से गैस फैली थी। इस दौरान ऑक्सीजन रिसाव की अफवाह से हड़कंप मच गया। गंभीर मरीज समेत तीमारदार बाहर की ओर दौड़ पड़े।




## खबर संक्षेप

### अमेरिका के निर्णय का सीरिया ने किया स्वागत



**दमिश्क।** सीरिया के विदेश मंत्रालय ने कहा कि युद्ध प्रभावित देश पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने के अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के निर्णय को सीरिया मानवीय पीड़ा और आर्थिक संकट को दूर करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दमिश्क के साथ सहयोग के लिए इच्छुक किसी भी देश का सीरिया हाथ बढ़ाकर स्वागत करता है। बशर्ते वह देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करे।

### भारत के शुक्ला समेत एक्सिओम-4 अंतरिक्ष यात्री 'क्वारंटीन' में भेजे

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा रहे तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को पृथकवास (क्वारंटीन) में भेज दिया गया है। अमेरिका स्थित निजी अंतरिक्ष कंपनी ने रविवार को यह घोषणा की। एक्सिओम-4 मिशन एक्सिओम स्पेस, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का एक संयुक्त प्रयास है और इसे फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से ड्रैगन अंतरिक्ष यान के माध्यम से आठ जून को भारतीय समयानुसार शाम 6:41 बजे प्रक्षेपित किया जाएगा। एक्सिओम-4 मिशन पहला मिशन है जिसके माध्यम से कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) जाएगा।

### उत्तर भारत सहित पूरे देश में मौसम का मिजाज बदला

# मानसून के आते ही केरल में तूफानी बारिश दिल्ली-उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में अलर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



उत्तर भारत सहित पूरे देश में मौसम का मिजाज बदल चुका है। दिल्ली-एनसीआर सहित कई राज्यों में शनिवार देर रात मूसलाधार बारिश हुई। बारिश की वजह से कई शहरों में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। आमतौर पर मानसून 1 जून को केरल पहुंचता है, लेकिन इस बार 24 मई को ही मानसून ने राज्य में दस्तक दे दी। मौसम विभाग (आईएमडी) ने केरल के कन्नूर और कासरगोड में रेड अलर्ट और अन्य राज्यों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने महाराष्ट्र के कई जिलों के लिए भी रेड अलर्ट जारी किया है। जिन शहरों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है, वहां भारी बारिश, आंधी और तेज हवाएं चलने की संभावना है। आईएमडी ने बताया कि दक्षिण कोंकण तट के पास अरब सागर में बना गहरा कम दबाव का क्षेत्र शनिवार सुबह 5:30 बजे एक डिप्रेशन में तब्दील हो गया।

### केरल में कई शहरों में चेतावनी

मौसम विभाग ने रविवार को कासरगोड, कन्नूर समेत केरल के कई जिलों के लिए रेड अलर्ट भी जारी किया है। तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पथनमथिट्टा, अलाप्पुझा, कोट्टायम, एर्नाकुलम, इडुक्की, त्रिशूर, पलक्कड़, मलप्पुरम, कोझिकोड, वायनाड सहित अन्य जिले अगले 3 दिन के लिए ऑरेंज अलर्ट पर हैं।




### रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग में भी होगी भारी बारिश

महाराष्ट्र के रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के लिए आईएमडी ने रेड अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी महाराष्ट्र के सतारा और कोल्हापुर भी रेड अलर्ट पर हैं। आईएमडी की वैज्ञानिक शुभांगी ए. भूटे ने कहा कि अवसादन के कारण महाराष्ट्र के कई इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश हुई है। खराब मौसम के कारण मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी दी गई है।

### कर्नाटक में गरज-चमक के साथ चलेंगी तेज हवाएं

आईएमडी ने भविष्यवाणी की है कि 24 से 27 मई तक तटीय और दक्षिणी कर्नाटक में भारी से बहुत भारी वर्षा होगी तथा राज्य के उत्तरी भाग में भी तेज बारिश होगी।

### दक्षिणी राज्यों में अत्यधिक भारी बारिश की संभावना

आईएमडी के अनुसार अन्य दक्षिणी राज्यों में 26 मई को तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 30 मई तक बारिश होने की संभावना है। असम और मेघालय में 29 और 30 मई को बहुत भारी बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में गरज और तेज हवाओं के साथ मध्यम बारिश की उम्मीद है। 25 और 26 मई को बिहार में 70 मील प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

### समय से 12 दिन पहले महाराष्ट्र पहुंचा मानसून, 3 दिन में पहुंचेगा मुंबई

अब मानसून दक्षिण-पश्चिम मानसून महाराष्ट्र पहुंच गया है। 3 दिनों में मुंबई और कुछ अन्य हिस्सों में पहुंचने की उम्मीद है। यह 7 जून के आसपास महाराष्ट्र और 11 जून को मुंबई पहुंचता है। आईएमडी ने कहा, मुंबई सहित महाराष्ट्र के कुछ और हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए हालात अनुकूल हैं।



#### कर्नाटक, गोवा, मणिपुर में दस्तक

भारतीय मौसम विभाग ने रविवार को बताया कि मानसून रविवार को अरब सागर, कर्नाटक, पूरे गोवा, महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों, उत्तरी बंगाल की खाड़ी और मिजोरम के कुछ हिस्सों, मणिपुर और नगालैंड के कुछ हिस्सों में पहुंच गया। यहा बेलगावी, हावेरी, मांड्या, धर्मपुरी, चेन्नई, आइजोल, कोहिमा को प्रभावित करेगा।

### नवांशहर में आंधी तूफान से सब कुछ उथल पुथल, 200 गांवों में 14 घंटे गुल रही बिजली

**काठगढ़।** नवांशहर में शनिवार शाम तेज आंधी जोरदार तूफान में बदली, जिसने सब कुछ उथल-पुथल कर दिया और शाम को साढ़े सात बजे के करीब चारों तरफ तूफान के आवाजें आने लगी। लोगों में भी भगदड़ सी मच गई और बिजली को भी बंद कर दिया गया।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर कैनोपी गिरी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 पर भारी बारिश के कारण फोरकोर्ट एरिया की छत का एक हिस्सा ढह गया। भारी बारिश के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर शेड क्षतिग्रस्त होने से यात्रियों को परेशानी हो सकती है। लेकिन इसकी आधिकारिक घोषणा फिलहाल नहीं की गई है।

# 40 साल तक अंधेरे में रहे पोलमपाड़ को मिल गई बिजली, खुशी से झूम लोग



सुरक्षा बलों के पहुंचने से ग्रामीणों को मिली ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले का पोलमपाड़ गांव में चार दशक बाद फिर से बिजली पहुंची तो स्थानीय लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। यह गांव सुकमा जिले में पड़ता है। इस माओवाद प्रभावित क्षेत्र में 40 साल में पहली बार बिजली लौटी है। पोलमपाड़ के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण बन गया, जहां ग्रामीणों ने बिजली आने का जश्न नई उम्मीद के साथ मनाया। वर्षों तक समुदाय बुनियादी सुविधाओं के बिना रहता था, क्योंकि माओवादियों ने बिजली की लाइनें, सड़कें नष्ट कर दी थीं और विकास तक पहुंच को काट दिया था। 2024 में यह स्थिति बदल गई। जब नजदीक में सीआरपीएफ कैंप स्थापित किया गया। जिससे सुरक्षा सुनिश्चित हुई और सरकार को लंबे समय से लंबित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को फिर से शुरू करने में मदद मिली।

### ग्रामीणों में बढ़ा सरकार पर भरोसा, दिख रहा उत्साह

सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने कहा कि इससे विकास के द्वार खुलेंगे। सीआरपीएफ के आने के बाद बिजली, सड़क और अन्य सेवाएं आखिरकार बहाल हो गईं। चव्हाण ने कहा कि करीब 40 साल बाद बिजली आई है। सीआरपीएफ ने 2024 में गांव के पास अपना कैंप लगाया और बिजली बहाल की। इस इलाके में बहुत से गांवों में बिजली थी, लेकिन नक्सलियों ने बहुत से गांवों की बिजली कनेक्शन नष्ट कर दी। उन्होंने सड़कें भी नष्ट कर दीं। लेकिन सीआरपीएफ कैंप स्थापित होने के बाद बिजली, सड़कें और अन्य सुविधाएं बहाल हो गईं। एक स्थानीय निवासी ने एएनआई को बताया कि हमें कल बिजली मिल गई और हम बहुत खुश हैं।

### जयशंकर और कनाडा की विदेश मंत्री आनंद के बीच फोन पर हुई बातचीत

**नई दिल्ली/ओटावा (भाषा)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर और कनाडा की विदेश मंत्री अनिता आनंद ने रविवार को पहली बार फोन पर बातचीत की। इस दौरान द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने और साझा प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने पर चर्चा की गई। अनिता आनंद ने इस महीने प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के नए मंत्रिमंडल में कनाडा की विदेश मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। पिछले महीने हुए संसदीय चुनावों में कार्नी के नेतृत्व में लिबरल पार्टी को उल्लेखनीय जीत मिली थी। कार्नी की चुनावी जीत को भारत और कनाडा के बीच संबंधों को सुधारने के अवसर के रूप में देखा गया, जो जस्टिन ट्रूडो के प्रधानमंत्री के कार्यकाल के दौरान निम्न स्तर पर पहुंच गए थे। जयशंकर ने बातचीत के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "भारत-कनाडा संबंधों की संभावनाओं पर चर्चा की।

### आतंक की फैक्ट्री पर प्रकृति का कहर

# आंधी-बारिश से पाकिस्तान में 20 की मौत, अंधेरे में डूबे शहर

एक विमान एफएल-842 भयानक टर्बुलेंस में फंसा

एजेंसी ▶▶ लाहौर

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शनिवार शाम चली तेज आंधी और भयंकर बारिश ने 20 लोगों की जान ले ली। इसमें करीब 150 लोग भी घायल हो गए। तूफान कितना तेज था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सड़क और एयर ट्रैफिक पूरी तरह से ठप पड़ गए। तूफान में इंफ्रास्ट्रक्चर को तो नुकसान पहुंचाया ही, बल्कि कई इलाकों की बिजली भी गुल हो गई। अधिकारियों ने कहा कि ज्यादातर मौतें जर्जर घरों के ढहने या गिरे हुए बिलबोर्ड के नीचे दबने के कारण हुईं। मरने वाले लोगों में बच्चे भी शामिल हैं। तेज हवाओं और ओलों का असर पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद और खैबर पख्तूनवा में भी देखने को मिला।



**पोल और पेड़ उखड़े**

*भारी बारिश के साथ आए तूफान के कारण कई निचले इलाकों में पानी जमा हो गया और कई जगहों पर पेड़ गिर गए। कराची से लाहौर जा रहा एक निजी एयरलाइन के विमान एफएल-842 को भयानक टर्बुलेंस का सामना करना पड़ा। सोशल मीडिया पर इसके कई वीडियो वायरल हो रहे हैं।*



**अयोध्या।** विराट कोहली और अनुष्का शर्मा रविवार सुबह अयोध्या पहुंचे। दोनों ने सुबह 7 बजे रामलला के दर्शन किए। दोनों गर्भगृह में करीब 10 मिनट रहे। वरिष्ठ पुजारी संतोष तिवारी ने रामनामी पहनाकर उनका अभिनंदन किया। रामलला के दर्शन करके दोनों करीब 8 बजे हनुमानगढ़ी पहुंचे। विराट ने सवा किलो लड्डू और फूलों की माला चढ़ाई। फोटो : एजेंसी

### रूस ने यूक्रेन पर किया सबसे बड़ा हमला

# दागे 367 ड्रोन और मिसाइल भीषण तबाही में 13 की मौत

जेलेंस्की ने डोनाल्ड ट्रंप को बताया जिम्मेदार

एजेंसी ▶▶ कीव

कैदियों की रिहाई के बीच रूस ने यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस ने यूक्रेन पर 367 ड्रोन और मिसाइल दाग दिए। इस हमले से यूक्रेन में बड़े पैमाने पर तबाही हुई है। यह युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला बताया जा रहा है। जानकारी के मुकाबले हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हुई है जिसमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। वहीं दर्जनों लोग घायल हो गए हैं। यूक्रेन ने दावा किया कि उसकी एयर फोर्स ने रूस के 266 ड्रोन और 45 मिसाइलों को मार गिराया।




**दुनिया की चुप्पी से बढ़ा संकट**

*जेलेंस्की ने कहा, अमेरिका और विश्व की चुप्पी व्लादिमीर पुतिन का उत्साहवर्धन कर रही है। रूस यूक्रेन पर आतंकी हमले कर रहा है। क्या यह उसपर प्रतिबंध लगाने के लिए काफी नहीं है? बिना दबाव के कुछ भी बदलने वाला नहीं है। वहीं रूस व सहयोगी पश्चिमी देशों में ऐसे ही तबाही मचाते रहेंगे।*

### अमेरिकी रक्षा खुफिया रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# अस्तित्व मिटने की चिंता के चलते चीन की मदद से पाकिस्तान बना रहा विनाशकारी हथियार, भारत ग्लोबल लीडर के रूप में उभर रहा



- भारत ने 2024 में अपनी सेना का आधुनिकीकरण जारी रखा
- भारत 2025 में भी रूस के साथ अपने संबंधों को मजबूत करेगा
- भारत ने परमाणु-संचालित पनडुब्बी को भी चालू किया

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी ने 2025 के लिए अपनी विश्वव्यापी खतरा आकलन रिपोर्ट में ये बताया है। रिपोर्ट में पूर्वानुमान लगाया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रक्षा प्राथमिकताएं संभवतः भारत को ग्लोबल लीडरशिप के रूप में प्रस्तुत करने, चीन का मुकाबला करने और नई दिल्ली की सैन्य शक्ति को बढ़ाने पर केंद्रित होंगी। रिपोर्ट में कहा गया है, मई के मध्य में भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच सीमा पार से किए गए हमलों के बावजूद चीन को भारत अपना प्राथमिक विरोधी मानता है और पाक को एक सहायक सुरक्षा समस्या मानता है।

रक्षा खुफिया एजेंसी अमेरिकी रक्षा विभाग के अंतर्गत आती है और सैन्य खुफिया में विशेषज्ञता रखती है। इसमें कहा गया है कि भारत चीनी प्रभाव का मुकाबला करने और अपनी ग्लोबल लीडरशिप भूमिका को बढ़ाने के लिए हिंद महासागर क्षेत्र में द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी को प्राथमिकता दे रहा है। इसने भारत-चीन सीमा विवाद का भी जिक्र किया और कहा कि पिछले साल की वापसी ने सीमा सीमांकन के बारे में लंबे समय से चले आ रहे विवाद को हल नहीं किया।

### पाक बना रहा हाईटेक शस्त्रागार




रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान अपने परमाणु शस्त्रागार का आधुनिकीकरण कर रहा है। पाकिस्तान अपने परमाणु शस्त्रागार का आधुनिकीकरण कर रहा है और अपनी परमाणु सामग्री तथा परमाणु कमान और नियंत्रण की सुरक्षा बनाए रख रहा है। पाकिस्तान लगभग निश्चित रूप से विदेशी आपूर्तिकर्ताओं और बिचौलियों से डब्ल्यूएमडी-लागू सामान खरीदता है। डब्ल्यूएमडी का मतलब यहां सामूहिक विनाश के हथियार हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान को चीन से आर्थिक और सैन्य सहायता मिलती है और इसकी सेना चीनी सेना के साथ कई सैन्य अभ्यास करती है।



### भारत रक्षा के क्षेत्र में बढ़ा रहा ताकत

रिपोर्ट में कहा गया है, भारत निश्चित रूप से अपने घरेलू रक्षा उद्योग का निर्माण करने, आपूर्ति श्रृंखला की चिंताओं को कम करने और अपनी सेना का आधुनिकीकरण करने के लिए इस साल अपनी मेड इन इंडिया पहल को बढ़ावा देना जारी रखेगा। भारत ने 2024 में अपनी सेना का आधुनिकीकरण जारी रखा, परमाणु-सक्षम विकासात्मक अग्नि-प्रथम प्राइम एमआरबीएम और अग्नि-5 मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल रीएंट्री व्हीकल का परीक्षण किया, साथ ही अपने परमाणु त्रिभुज को मजबूत करने और विरोधियों को रोकने की अपनी क्षमता को बढ़ाने के लिए अपनी दूसरी परमाणु-संचालित पनडुब्बी को भी चालू किया।

### खतरों से निपटने में सक्षम है भारतीय सेना

*भारत-रूस संबंधों पर, अमेरिकी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत 2025 में भी रूस के साथ अपने संबंधों को बनाए रखेगा, क्योंकि वह रूस के साथ अपने संबंधों को अपने आर्थिक और रक्षा उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण मानता है। वो रूस-चीन संबंधों को गहरा भी होते नहीं देखना चाहता है। मोदी के नेतृत्व में, भारत ने रूसी मूल के सैन्य उपकरणों की खरीद कम कर दी है, लेकिन अभी भी रूसी मूल के टैंकों और लड़ाकू विमानों के अपने बड़े भंडार को बनाए रखने और बनाए रखने के लिए रूसी स्पेयर पार्ट्स पर निर्भर है, जो चीन और पाक से संभावित खतरों का मुकाबला करने की उसकी सेना की क्षमता की रीढ़ हैं।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25